e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 311
रविवार
17.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता हमारा परिचय दुनिया को करवाती है और असफलता हमें दुनिया का परिचय करवाती है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### झांसी अग्निकांड : घटना पर सरकार सख्त, जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित

**लखनऊ :** यूपी के झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में आग लगने से 10 नवजात जिंदा जल गए। जबकि 16 जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घटना को लेकर सरकार सख्त है। मामले में की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी। टीम का नेतृत्व डीजीएमई करेंगे।

### आमजन को शीतलहर से बचाने में जुटी योगी सरकार, जनपदों को आवंटित किए 20 करोड़

**लखनऊ :** योगी सरकार ने ठंड को देखते हुए प्रदेशवासियों को शीतलहर से बचाने के लिए कम्बल और अलाव के लिए विभिन्न जिलों को पहली किस्त जारी कर दी है। योगी सरकार ने करीब 20 करोड़ आवंटित करते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को वितरित किये जाने वाले कम्बलों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। राहत विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को धनराशि आवंटित कर दी है। जिलाधिकारियों द्वारा कम्बल और अलाव के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जनसंपर्क मंत्री पीयूष ने दी शुभकामनाएं

**गुवाहाटी :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर असम सरकार के सूचना और जनसंपर्क मंत्री पीयूष हजारिका ने राज्य के पत्रकारों के साथ-साथ समाचार सेवा से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया का ऐतिहासिक महत्व है। लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करके एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने राज्य के पत्रकारों से और अधिक जिम्मेदारी के साथ सेवा जारी रखने का भी आग्रह किया।

### बिहार के बांका में एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने खाया जहर, दो की मौत

**भागलपुर :** बिहार में बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में एक परिवार के 5 सदस्यों ने कर्ज से परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सभी को इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती गया।इलाज के दौरान शनिवार को कन्हैया महतो और उसकी पत्नी गीता देवी की मौत हो गई। परिवार के अन्य तीन सदस्यों की स्थिति गंभीर है बनी हुई है। अस्पताल में इलाजरत लोगों में पुत्री सरिता कुमारी, पुत्र धीरज कुमार और पुत्र राकेश कुमार शामिल हैं।

### मध्य रात्रि को एक सीधी रेखा में आए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, ध्वजदंड और चंद्रमा

**गिर सोमनाथ:** प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ में कार्तिक पूर्णिमा की आधी रात को अद्भुत नजारा दिखा। हर साल यहां कार्तिक पूर्णिमा का चंद्रमा आधी रात को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और ध्वजदंड की सीधी रेखा में होता है। शुक्रवार की आधी रात को इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले से वहां मौजूद रहे। वर्ष में महज एक बार होने वाले इस संयोग के संबंध में कहा जाता है कि चंद्रदेव को क्षयरोग से सोमनाथ महादेव ने मुक्ति दिलाई थी। ऐसी मान्यता है कि इसके बाद से कार्तिक पूर्णिमा की रात हर साल चंद्रमा खुद आकर अपनी प्रभा यानी शीतलता से भगवान सोमनाथ का अभिषेक करते हैं।

### एमसीसी उल्लंघन पर कांग्रेस और भाजपा को आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में स्टार कैंपेनर की ओर से कथित आदर्श आचार संहिता(एमसीसी) के उल्लंघन के मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों को अलग-अलग नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम लिखे पत्र में उन्हें उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर सोमवार दोपहर 1:00 तक जवाब देने के लिए कहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

### भाजपा नेता व केंद्रीय गृह मंत्री ने दुमका और गिरिडीह में किया चुनावी सभा

# कांग्रेस व झामुमो घुसपैठियों के संरक्षक : अमित शाह

**शाह ने कहा कि पिछली बार उन्होंने जनसभा में झारखंड धाम के विकास की चर्चा की थी और प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड धाम के विकास के लिए 285 करोड़ की स्वीकृत दी, जिससे शिव के इस अनूठे धाम का चौमुखी विकास होगा।सभा में केन्द्रीय मंत्री व झारखंड भाजपा विस चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान,असम के मुख्यमंत्री सहित कई लोगों ने भी संबोधित किया।**




### नाला में चुनाव प्रचार करने पहुंचे फिल्मी स्टार मिथुन चक्रवर्ती

**जामताड़ाः** नाला विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती पहुंचे. उनको देखने और सुनने के लिए लोगों की अपार भीड़ उमड़ी. उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से झारखंड में परिवर्तन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवर्तन जरूरी है और इसके लिए भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की. उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवर्तन होगा तो झारखंड आगे और उन्नति करेगा. नाला विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो हैं. उनके सामने हैं झामुमों के वर्तमान विधायक और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो. आने वाले 20 नवंबर को मतदान होना है.

### हिमंता बिस्वा सरमा ने जामताड़ा में सीता सोरेन के लिए मांगा वोट

**जामताड़ा:**असम के सीएम व झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने जामताड़ा में पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया.हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 6 महीना से झारखंड में बुजुर्ग और विधवा का पेंशन बंद है. सरकार बुजुर्ग और विधवा का पेंशन बंद कर मंईयां सम्मान दे रही है और सास बहू में झगड़ा लगाने का काम कर रही है. उन्होंने सभा में ऐलान करते हुए कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनती है तो हर बुजुर्गों को 2500 रुपए और हर महिला को 2100 रूपए दिए जाएंगे.हिमंता बिस्वा सरमा ने हिंदू समाज को संगठित होने की अपील करते हुए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे का नारा दिया. उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल हिंदू समाज को हरा नहीं सकता है. सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हिंदू समाज की एकता और संगठित होने का ही बल है कि राम मंदिर बना है. उन्होंने कहा कि यदि हिंदू बंटा होता तो राम मंदिर नहीं बनता, जब तक हम लोग एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे.

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह-दुमका :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित साह ने कहा कि झारखंड में सतारूढ़ हेमंत सोरेन सरकार की गलत नीतियों के कारण यह राज्य विकास में पिछड़ रहा है। झारखंड के विकास को राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार को बदलने की जरूरत है। शाह शनिवार को बाबूलाल मरांडी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्होंने जनसभा में झारखंड धाम के विकास की चर्चा की थी और प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड धाम के विकास के लिए 285 करोड़ की स्वीकृत दी, जिससे शिव के इस अनूठे धाम का चौमुखी विकास होगा।सभा में केन्द्रीय मंत्री व झारखंड भाजपा विस चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान,असम के मुख्यमंत्री सहित कई लोगों ने भी संबोधित किया। दुमका के गांधी मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में अमित शाह ने झामुमो और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी सुनील सोरेन के लिए वोट की अपील की। अमित शाह ने कांग्रेस और जेएमएम पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने का निर्देश दिया था। केंद्र भी इसपर काम करने के लिए सहमत था, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार तैयार नहीं हुई।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर बोला तीखा हमला

# डर गए तो मर गए : खड़गे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को झारखंड के अपने दौरे के दौरान भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह राज्य में सरकार बनाने के बाद झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा,भाजपा कहती है, 'बंट गए तो कट गए', लेकिन मैं कहता हूं, 'डर गए तो मर गए'। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री का दर्जा होने के बावजूद विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हवाई अड्डे के आरक्षित लाउंज तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने और राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में कथित रूप से देरी करवाने के लिये मोदी और शाह की आलोचना की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में शुक्रवार को लगभग दो घंटे की देरी हुई थी, जिसके बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह देरी राजनीति से प्रेरित थी। खरगे ने कहा कि अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक देवघर हवाईअड्डे पर फंसे रहे थे और क्षेत्र को 'नो-फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया था, क्योंकि प्रधानमंत्री विमान में खराबी के ठीक होने तक वहीं इंतजार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'कल हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में जानबूझकर दो घंटे की देरी की गई, क्योंकि प्रधानमंत्री अपने विमान में बैठे थे। आज मेरे हेलीकॉप्टर को 20 मिनट देरी से उतारा गया, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उतर रहे थे। उनका रास्ता अलग था और मेरा रास्ता अलग था। भाजपा के घुसपैठ के मुद्दे पर निशाना साधते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह के पास इसे रोकने की शक्ति है। इसके बावजूद वह लोगों को डरा रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया,क्या प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह सो रहे हैं। सत्ता में होने के बावजूद वे घुसपैठ क्यों नहीं रोक सकते? जब वे एक हेलीकॉप्टर को रोक सकते हैं, तो वे घुसपैठियों को क्यों नहीं रोक सकते? उन्होंने केंद्र पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मदद करने वालों के खिलाफ ईडी, सीबीआई एवं आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

## दूसरे चरण के चुनाव क्षेत्रों में एफएसटी एवं एसएसटी की हो रही सघन तैनाती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के लिए मतदाता पर्ची के वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। बचे हुए मतदाता पर्ची को आरओ के ऑफिस में जमा कराया गया है। दूसरे चरण वाले क्षेत्रों में एफएसटी एवं एसएसटी की तैनाती की जा रही है। जिन क्षेत्रों में प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है, वहां भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के तहत छूट दी जा रही है, लेकिन अभी भी जिले के बॉर्डर एवं चेकपोस्टों को एक्टिव रखा गया है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन में मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित 83 केस दर्ज हुए हैं।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों एवं इसके 200 मीटर की परिधि के अंदर प्रत्यशियों के चुनाव चिह्न से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रतीक चिह्न का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है।उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से साइलेंट पीरियड में किसी भी प्रत्याशी द्वार मतदाताओं से अपील वाले मैसेज का प्रसारण नहीं किया जाना है। मीडिया के प्रतिनिधि प्रत्याशियों के मतदान का कवरेज कर सकते हैं, लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की अपील अथवा राजनैतिक बयानबाजी का प्रसारण नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट द्वारा प्रत्याशियों से संबंधित किसी भी प्रकार के पर्चे को नहीं बांटा जाना है। वोटर को पोलिंग एजेंट द्वारा सादे कागज पर केवल प्रत्याशी का सीरियल नम्बर देने कि अनुमति है। इसके अलावा प्रत्याशी का नाम अथवा किसी प्रकार का चिह्न देना प्रतिबंधित है।

### झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी के पक्ष में मुख्यमंत्री ने किया जनसभा

# हमारी सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार को मिलेगा एक लाख रुपया : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** झारखण्ड के मुखयमंत्री सह स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन ने शनिवार को पाकुड़िया यज्ञ मैदान में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी की जनसभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी ने गठबंधन सरकार की कार्य शैली को दर्शाया तथा आम जनों को लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा करते हुए तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील भी किया। वही स्टार प्रचारक सह मुखयमंत्री हेमंत सोरेन ने खचाखच भरे जनसभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उपस्थित लोगों में कम समय में अपने शब्दों के माध्यम से उत्साह बढ़ाया। साथ ही महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित/ अपील किया। उन्होंने अपने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। साथ ही मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना के तहत प्रतिमाह दी जा रही हजार रुपया और पुनः महागठबंधन सरकार बनने से दिसंबर माह से 1000 रुपया से बढ़ाकर 2500 रुपया देने की बातें कही। साथ ही उन्होंने कृषि ऋण माफी समेत बिजली बिल माफ, तथा सरकार बनते ही प्रत्येक परिवार को एक एक लाख रुपया देने की बात कही अन्य के बारे में भी साझा करते हुए खचाखच भरे जनसभा में उपस्थित लोगों को 20 नवंबर 2024 को स्टीफन मरांडी के पक्ष में क्रमांक संख्या 3 में चुनाव चिन्ह तीर-धनुष छाप पर मतदान करने हेतु बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी किया। मंच का संचालन झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव जी ने किया , मौके पर युवा नेत्री उपासना मरांडी, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा, कांग्रेस सचिव देवीलाल मुर्मू , मैनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत, देबीलाल हंसदाक , पिंकू शेख, जोसेफिना हेमब्रम ,सहित अन्य झामुमो कार्यकर्त्ता और करीब हजारों हजार की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अभेद्य किले में बदली अयोध्या



**एजेंसी**

**अयोध्या :** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद यहां पहरा कड़ा कर दिया गया है। इसको लेकर रामनगरी की सुरक्षा सख्त की गई है। अयोध्या अभेद्य किले में बदल गई है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से 16 नवंबर को हमले की धमकी दी गई थी। अयोध्या के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया गया है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे के साथ एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी के जवानों ने रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। अयोध्या के प्रवेश द्वार से लेकर राम जन्मभूमि परिसर तक रुट मार्च किया गया।रामनगरी के सभी प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सभी बैरियरों पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। रामनगरी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की तलाशी हो रही है। बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एटीएस के साथ खुफिया एजेंसी भी अलर्ट पर हैं।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए। अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को एयर लिफ्ट कर रायपुर ले जाया गया। एसपी आईके एलिसेला ने पुष्टि की है। मुठभेड़ के बाद पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही मौके से कई हथियार और विस्फोटक सामान भी बरामद हुए हैं। कांकेर डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी बीएसएफ और एसटीएफ की संयुक्त पार्टी ने बड़ा ऑपरेशन चलाया है। नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल हुए दो जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर अस्पताल लाया गया। अभी तक 5 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, चार गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर दहेड़िया ग्राम में बीती रात दो मोटर साइकल के टक्कर में दोनों मोटरसाइकल में सवार दो की मौत हो गई वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक थाना क्षेत्र के कुशदंड गांव निवासी घुटन चंद्रवंशी के 34 वर्षीय पुत्र सुनील चंद्रवंशी तथा अलकर गांव निवासी दामोदर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रदीप सिंह का नाम शामिल है। घायल होने वालो में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोण मंडरा निवासी लालमुनि सिंह के 20 वर्षीय पुत्र रविरंजन सिंह, बिजेंद्र सिंह के पुत्र छोटू सिंह, थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी बलवंत सिंह तथा कुशदंड गांव निवासी राजेश चंद्रवंशी का नाम शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगो के सहयोग से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि कुशदंड गांव से मृतक ओर उसके भाई भवनाथपुर खस्सी खाने जा रहे थे। दूसरे तरफ से एक मोटरसाइकल में मृतक प्रदीप सिंह चार लोगों को रेलवे स्टेशन छोड़ने आ रहा था। थाना क्षेत्र के दहेड़िया गांव के समीप आमने सामने जोरदार टक्कर हुआ जिसमें कुशदंड गांव निवासी सुनील चंद्रवंशी की मौत घटना स्थल पर हो गया। अस्पताल पहुंचने पर सुनील को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इधर अलकर गांव निवासी घायल प्रदीप सिंह की मौत गढ़वा जाने के क्रम में रास्ते में हो गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने प्रदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मृतक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया वही दोनों मोटर साइकल जब्त कर लिया।

## जेसीबी की टक्कर से गढ़वा कोर्ट के पेशकार की मौत, पसरा मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर भिखही मोड़ के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में गढ़वा व्यवहार न्यायालय के पेशकार विकास रंजन पांडेय (43 वर्ष) की मौत हो गई। पलामू जिले के रजवाडीह गांव निवासी रविंद्र पांडेय के पुत्र विकास रंजन गढ़वा कोर्ट में कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक, विकास रंजन पांडेय मोटरसाइकिल से पलामू से गढ़वा कोर्ट जा रहे थे। भिखही मोड़ के पास एक जेसीबी ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गढ़वा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटनास्थल से जेसीबी और मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। इस हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। गढ़वा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं और न्यायालयकर्मियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे न्यायपालिका के लिए अपूरणीय क्षति बताया।यह हादसा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी और भारी वाहनों की लापरवाही को उजागर करता है।

## नप द्वारा भेलवा नदी में बहाया गया शौचालय सेफ्टी टैंक का मल मूत्र, आक्रोश



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद स्थित भेलवा नदी के शिव घाट से पहले नगरीय प्रशासन द्वारा शौचालय का मल मूत्र बहाया जा रहा है. नगर परिषद का शौचालय सैफ्टी टैंक क्लीनर टैंकर के द्वारा आज भी मल मूत्र को नदी में ही खाली कराया गया. स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद भी नप के कर्मी मान नहीं रहे हैं,जिससे लोगों में आक्रोश है.शौचालय सैफ्टी टैंक क्लीनर टैंकर के खाली करने से नदी और आसपास का क्षेत्र दूषित हो गया है.जिससे लोगों का जीना भी दूभर हो गया है. मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्लीनर टैंकर द्वारा क्षेत्र के शौचालय सैफ्टी टैंक को साफ कराता है, बाद में सेफ्टी टैंक के गंदगी को आबादी से दूर किसी अन्यत्र जगह पर खाली करता है. लेकिन शुक्रवार से गंदगी भरे टैंकर को भेलवा नदी में ही खाली कराया जा रहा है.जिससे नदी दूषित हो रहा है. इसी का विरोध ग्रामीण कर रहे हैं.इस बाबत पूछे जाने पर नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि मामला अभी अभी संज्ञान में आया है.नदी में गंदगी खाली करना पूरी तरह से गलत है. जिसे हर हाल में रोका जायेगा. उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर परिषद के पास कचरे को बेस्ट करने हेतु कोई जमीन अधिकृत नहीं है.शहर से बाहर जगह की तलाश किया जा रहा है।

## भगवान बिरसा मुंडा व गुरुनानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के सुरम्य परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा व गुरूनानक देव की जंयती मनाई गई।भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के माननीय सदस्य अजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, वरिष्ठ आचार्य राजकुमार सिंह, मृत्युंजय प्रसाद, सुनील गुप्ता, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, धर्मेंद्र मेहता ने संयुक्त रुप से बिरसा मुंडा व गुरुनानक देव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।भैया-बहनों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि बिरसा मुंडा और गुरु नानक देव समाज के प्रेरणाश्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं हमें साहस, सेवा और सद्भावना का संदेश देती है। भगवान बिरसा मुंडा का देश की आजादी के लिए दिया गया बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है।बचपन से अंग्रेजो का अत्याचार को देख भगवान बिरसा मुंडा के मन में अंग्रेजो के प्रति विद्रोह की भावना जगी. जिससे अंग्रेजों के विरुद्ध जनजातीय विद्रोह उलगुलान प्रारम्भ किया। जिसका नेतृत्व स्वयं भगवान बिरसा मुंडा कर रहे थे।भगवान् बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे। उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज पचीस वर्ष के अल्पायु में देश के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं विद्यालय के भैया -बहनों ने भी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला।विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य धर्मेन्द्र मेहता ने गुरुनानक देव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने भौतिकवादी जीवन को जीते हुए अध्यात्म से जुड़ना चाहिए। यदि हम महापुरूषों के बताये हुए मार्गो का अनुसरण करेंगे तो निश्चित तौर पर भवसागर से पार हो जायेंगे। गुरू नानक देव सिक्खों के प्रथम गुरू थे।

# कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव ने शादी में किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने दो युवती की विवाह में आर्थिक सहयोग किया। इस संबंध में बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया जाता है। जिन्हें ये सभी सामग्री नहीं चाहिए। उन्हें आर्थिक रूप से उसके बदले पैसा दिया जाता है। शुक्रवार को जिला के दो अलग अलग युवती के विवाह से पूर्व उन्हें सहयोग किया गया।उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार सहित छत्तीसगढ़ में भी हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। गढ़वा जिला में संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग गरीबों के बीच कंबल वितरण और बाल विवाह भ्रूण हत्या दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है। इस अवसर पर आकाश दीप, शहर ऑफिस इंचार्ज बबन खान, टिंकू तिवारी, मुकेश कुमार मेहता, सुनीता देवी, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## श्री माँ बाल विकास विद्यालय में कला व विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माँ शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित गाँधी चौक स्थित श्री माँ बाल विकास विद्यालय परिसर में शनिवार को कला व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन ससमय पहुंचे अभिभाविका कविता देवी, तरन्नुम, फुलवा देवी, सुल्तान आदि ने संयुक्त रूप से सरस्वती तसवीर के समक्ष दीप जलाकर किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक सह प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने की. संचालन शिक्षिका शगुफ्ता ने किया. बच्चों द्वारा चंद्रयान, सोलर पैनल, वायु प्रदूषण, ज्वालामुखी, वाटर फॉल, स्वच्छता अभियान, इंडिया गेट, डाइजेस्टिव सिस्टम, ताजमहल, रिसाइकिल ऑफ बटरफ्लाई आदि समेत कई कलाकृतियों व मॉडल को अभिभावकों ने काफी सराहा.अभिभावक सोनी ने कहा कि बच्चों द्वारा कला व विज्ञान प्रदर्शनी सराहनीय रहा. इतिहासकार व साहित्यकार अंगद किशोर ने बच्चों की कौशल क्षमता की सराहना करते हुए सफलता के टिप्स बताये. मो सुहैल आलम ,प्रियंका गुप्ता, अहिल्या देवी, रविरंजन कुमार, सुनीता देवी, मंजूर आलम, विकास कुमार, समीमा खातून, गीता देवी आदि समेत कई अभिभावकों ने अपनी बातों को रखा. निदेशक डॉ जीतेंद्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा वार्षिक सिलेबस के तहत बच्चों द्वारा सभी तरह की गतिविधियां की जाती है. ताकि उनका समेकित विकास हो. उन्होंने कहा कि आप सभी अभिभावकों का हौसला अफजाई बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शैलेश कुमार, एसजे रहमान, दया शंकर, रविन्द्र कुमार, जय नारायण सिंह, अमृता कुमारी, सीमा अग्रवाल, संध्या सिंह, कुंडल राम, संतोष कुमार, शगुफ्ता, सब्बा, विक्रम विशाल, सानिया, राहुल, धीरेंद्र प्रसाद आदि सक्रिय रहे।

## निःशुल्क कानूनी सलाह केंद्र का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत मझिआंव थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता केंद्र का पोस्टर लगाया गया। इसकी जानकारी पीएलवी महेंद्र राम ने दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र उन लोगों के लिए है जो जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असमर्थ हैं। इसके तहत थाना स्तर पर ही कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। पीड़ित व्यक्ति 15100 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या नजदीकी पीएलवी (पैरा लीगल वोलंटियर) से संपर्क कर सकते हैं। इस केंद्र में दी जाने वाली सहायता पूरी तरह निःशुल्क है और किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी। महेंद्र राम ने लोगों से अधिक से अधिक कानूनी जानकारी लेने और इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी पर अत्याचार या दबाव डाला जाता है तो इस केंद्र में शिकायत दर्ज कराकर उचित कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। यह कदम समाज के कमजोर और वंचित वर्गो को न्याय दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## राष्ट्रीय चेतना और सादगी की सीख देता है भगवान बिरसा मुंडा का जीवन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कान्वेंट प्लस टू स्कूल गढ़वा में झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम और प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों में अग्रणी थे। उनके संघर्ष एवं शहादत को चिरकाल तक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आदिवासियों का अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ लड़ते लड़ते अपने जीवन को बलिदान कर दिया। उसी का परिणाम है कि वे आज भी आदिवासियों के बीच भगवान का दर्जा पाया। बिरसा मुंडा इतने लोकप्रिय थे कि उनको सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में सम्मान के साथ याद किया जाता है। हमें उनके जीवन से राष्ट्रीय चेतना एवं सादगी का पाठ सीखना चाहिए। वैदिक काल में झारखंड का नाम पुण्ड रहा था। इसका प्रमाण वायु पुराण में वर्णित है जबकि महाभारत काल में इसे मुंडरिक या पशु भूमि के नाम के साथ जाना जाता था। इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता, जूनियर और सीनियर विंग में क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्पीच एक्टिविटी आदि कई कार्यक्रम किए गए। वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने कहा कि झारखंड वन संपदा, खनिज संपदा से भरा हुआ है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान कुमारी, द्वितीय अमृतेश राज और हिमांशु कुमार, जबकि आर्या पाण्डेय और अनुष्का कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की वही जूनियर वर्ग के क्विज प्रतियोगिता में प्रथम शिवाजी हाउस, द्वितीय आजाद हाउस और तृतीय स्थान बॉस हाउस ने प्राप्त किया वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम बॉस हाउस द्वितीय शिवाजी हाउस और तृतीय आजाद हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष प्रसाद, नीलम केशरी, सुनीता कुमारी, ज्योति तिवारी, सरिता दुबे, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्णा कुमार, पूजा प्रकाश, शिवानी कुमारी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## निःशुल्क कानूनी सलाह केंद्र का शुभारंभ



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत मझिआंव थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता केंद्र का पोस्टर लगाया गया। इसकी जानकारी पीएलवी महेंद्र राम ने दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र उन लोगों के लिए है जो जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असमर्थ हैं। इसके तहत थाना स्तर पर ही कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।पीड़ित व्यक्ति 15100 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या नजदीकी पीएलवी (पैरा लीगल वोलंटियर) से संपर्क कर सकते हैं। इस केंद्र में दी जाने वाली सहायता पूरी तरह निःशुल्क है और किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी।महेंद्र राम ने लोगों से अधिक से अधिक कानूनी जानकारी लेने और इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी पर अत्याचार या दबाव डाला जाता है तो इस केंद्र में शिकायत दर्ज कराकर उचित कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।यह कदम समाज के कमजोर और वंचित वर्गो को न्याय दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## दो दिन से लापता बालक का शव कुएं में मिला



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल थाना मुख्यालय के पुरवारा टोला निवासी सुरेंद्र साह के 7 वर्षीय पुत्र शिवपूजन कुमार, जो विगत दो दिनों से लापता था, का शव शनिवार को घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक कच्चे कुएं में तैरता हुआ मिला। घटना की खबर लगते ही मृतक के परिजनों और गांव के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया रामसागर महतो, विजय प्रसाद, डॉ. लाल मोहन, संजय भगत, मनोज जायसवाल, और रोहित कुमार समेत कई लोग मृतक के परिजनों के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। गांववासियों ने प्रशासन से इस मामले की गहन जांच और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने की मांग की है। यह दुखद घटना क्षेत्र में सुरक्षा और सतर्कता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज होगा आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एनसीसी 44 झारखंड बटालियन के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 16 नवंबर को हो गया है। इस शिविर का विधिवत आगाज आज 17 नवंबर रविवार को होगा। यह शिविर 26 नवंबर 2024 तक मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज लिलवाकरम पोखराहा खुर्द में चलेगा। यह प्रशिक्षण एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल कवरदीप साहनी तथा एडम आफिसर कर्नल अरुण बाड़ा के नेतृत्व में हो रहा है। जिसमें 17 ट्रेनिंग स्टाफ एवं 200 एनसीसी कैडेट्स शामिल होने जा रहा रहे हैं। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स को मिलिट्री प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, लीडरशिप स्किल, अनुशासन, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं अन्य चीजों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं इसे लेकर सदर प्रखंड के लिलवाकरम पोखराहा खुर्द स्थित मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कॉलेज की प्राचार्ज डॉक्टर श्वेता कुमारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉलेज में एनसीसी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले एनसीसी के अधिकारी कमांडिंग आफिसर कर्नल कवरदीप साहनी तथा एडम आफिसर कर्नल अरुण बाड़ा का तहे दिल से स्वागत किया उन्होंने कहा कि यह दोनों ही अधिकारी बहुत ही

### एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन व देश भक्ति का विकास करना है : कर्नल कवरदीप साहनी

राष्ट्रीय कैडेट कोर यानी एनसीसी के बारे में जानकारी देते हुए कर्नल कवरदीप साहनी ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। इसका गठन 15 जुलाई 1948 को किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति और सेवा भावना का विकास करना है। एनसीसी का उद्देश्य छात्रों को देश का अच्छा नागरिक बनाना और उन्हें रक्षा सेवाओं के लिए तैयार करना है। इसमें शामिल युवा न केवल अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देते हैं, बल्कि समाज और देश की सेवा के लिए भी प्रेरित होते हैं।इसका प्रमुख उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता का विकास करना। अनुशासन और संगठनात्मक कौशल सिखाना। सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती के लिए प्रेरित करना।

उलझे म

हुए हैं यहां के छात्रों को उनके नेतृत्व गहन जानकारी दिया जाएगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### द्वितीय चरण में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का पहला अनुपूरक यादृच्छिकीकरण संपन्न

**रांची:** समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित एनआईसी में उपायुक्त सह व जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं सामान्य प्रेक्षक अमित राय चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। बैठक में द्वय पदाधिकारियों ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा-2024 के अंतर्गत 61-सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का पहला अनुपूरक यादृच्छिकीकरण संपन्न किया गया। इस दौरान निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली सह अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, ईवीएम नोडल पदाधिकारी रांची, रविशंकर मिश्रा, जिला विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### झामुमो विधायक दिनेश विलियम मरांडी पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित

**रांची :** झामुमो के लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी को पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त कर दिया गया है। उन्हें पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। इसकी जानकारी झामुमो केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने पत्र जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि दिनेश विलियम मरांडी पर लगाए गए आरोप पर उनसे जवाब मांगा गया था लेकिन समय सीमा के अंदर कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि उन पर लगाए आरोप सही हैं। इसलिए उन्हें पार्टी के सभी पदों से निष्कासित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि झामुमो ने पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पार्टी विधायक दिनेश विलियम मरांडी से स्पष्टीकरण मांगा था।

## किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, इसका मुख्य मकसद समाज के लिए उपयोगी बनाना है : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, इसका मुख्य मकसद समाज के लिए उपयोगी बनाना है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह आप सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक विशेष उपलब्धि का प्रतीक है। आप सबने यहां न केवल शिक्षा प्राप्त की है, बल्कि आत्मनिर्भरता, समर्पण और अनुशासन की अद्भुत यात्रा भी पूर्ण की है। राज्यपाल शनिवार को बीआईटी मेसरा के 34वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों, आज का यह दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं, बल्कि आपके जीवन की एक नई शुरुआत है। यह आपके ज्ञान और संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपकी डिग्री केवल एक प्रमाण-पत्र नहीं है, बल्कि यह संकल्प का प्रतीक है। अपने अर्जित ज्ञान और कौशल से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का, मानवता के उत्थान में योगदान देने का और राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाने का।

### शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि इसे समाज के लिए उपयोगी बनाना है। कुलाधिपति के रूप में मुझे अत्यधिक हर्ष है कि बीआईटी मेसरा ने आपकी सोच को विकसित किया है और आपको एक ऐसे भविष्य के




लिए तैयार किया है जो आपको जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने तथा उनके समाधान ढूंढने की शक्ति प्रदान करती है। बदलते समय के साथ, जब हर दिन नई तकनीकें, नई चुनौतियां और नए अवसर हमारे सामने आते हैं, तो आपके पास वह विज़न और क्षमता होनी चाहिए जो आपको अपनी राह पर अडिग रखे और समाज के उत्थान में योगदान दे सके। मुझे विश्वास है कि आपने जो भी ज्ञान और मूल्य यहां सीखे हैं, वह देश की प्रगति में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि हमारे झारखंड राज्य समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, खनिज संसाधनों और सुंदर प्राकृतिक संपदाओं के लिए जाना जाता है। लेकिन आज हमारे राज्य को ऐसे ऊर्जावान युवाओं की अत्यन्त जरूरत है जो इसे उन्नति की ओर ले जाए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयामों के उदय के साथ, झारखंड अपने कुशल युवा इंजीनियरों और प्रबंधकों के लिए नई संभावना प्रस्तुत कर रहा है। आपका योगदान इस दिशा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। गंगवार ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गौरव हो रहा है कि बीआईटी मेसरा न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। यहां से पढ़े छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता से संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। यह संस्थान निरंतर नये नवाचारों और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो इसे विश्वस्तर पर विशिष्ट बनाता है। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम के संस्थापक निदेशक सह एयरो स्पेस साइंटिस्ट पद्मभूषण डॉ बयराना नागप्पा सुरेश, संस्थान के अध्यक्ष सीके बिरला, बीआईटी मेसरा के कुलपति इंद्रनील मन्ना, कुलसचिव डॉ. संदीप दत्ता सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### विभिन्न संकाय के सर्वश्रेष्ठ 17 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल

इस दौरान संस्थान की ओर से बताया गया कि बीआइटी मेसरा मेन कैंपस सहित अन्य छह ऑफ कैंपस- बीआइटी एक्सटेंशन लालपुर, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक बीआइटी मेसरा, देवघर, पटना, नोएडा और जयपुर के 2715 विद्यार्थियों के बीच डिग्री बांटी गयी। विभिन्न संकाय के सर्वश्रेष्ठ 17 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में बीआइटी मेसरा समूह से पास आउट हो रहे 1824 विद्यार्थियों को यूजी डिग्री, 636 पीजी डिग्री, 152 डिप्लोमा और 103 पीएचडी डिग्री मिली। बीआईटी मेसरा के दीक्षांत समारोह में बीआईटी मेसरा मेन कैंपस के 1300 छात्र- छात्राओं को डिग्री दी गयी। इसमें 788 डिग्रियां यूजी, 422 पीजी और 90 पीएचडी की शामिल हैं।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का चुनाव प्रचार के दौरान रांची पहुंचने पर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने एयरपोर्ट पर फूलों का गुलदस्ता देकर खड़गे का अभिनंदन किया।

## सदर अस्पताल की टीम ने पाइलोनिडल का किया सफल इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग की टीम ने पहली बार पाइलोनिडल साइनस की सर्जरी स्कीन फ्लैप/ लिमबर्ग फ्लैप के द्वारा की। डॉ अजीत कुमार ने बताया कि नामकुम के रहने वाले 18 वर्षीय युवक को पिछले एक साल से पीठ के निचले भाग से पानी आ रहा था। इसके इलाज की कई विधियां है इसमें से सबसे अच्छी विधि लिमबर्ग फ्लैप के द्वारा सर्जरी है।बाकी सर्जरी की विधि में दोबारा होने का खतरा सबसे ज्यादा होता हैं।डॉ अजीत ने बताया कि यह बीमारी आमतौर पर उन लोगों को ज्यादा होती है जिनके पीठ और निचले भाग में बाल अधिक होते हैं। आमतौर पर यह उन



छात्रों को ज्यादा होती है जो ज्यादा देर तक बैठकर पढ़ाई करते हैं, या ड्राइवर,टेलर आदि जो काफी देर तक एक ही पोजीशन में बैठे रहते हैं।इस विधि में खराब भाग/साइनस को काटकर बिल्कुल हटा दिया जाता है।और उसके जगह पर बगल के चमड़े/ फ्लैप को बैठा दिया जाता है।ऑपरेशन करने वाली टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार के अलावे एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर विकास बल्लभ, सिस्टर नेली,ओटी असिस्टेंट सुशील, मोहित सिन्हा आदि शामिल थे।

## सहज राजयोग एक मनोवैज्ञानिक उपचार है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान, हरमू रोड में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि सहज राजयोग एक मनोवैज्ञानिक उपचार है। यह उपचार एक ऐसा उपचार है जिसे व्यक्ति घर-परिवार व समाज में रहते हुए संसार का कार्य व्यवहार करते हुए अपना सकता है। राजयोग के द्वारा प्राप्त मानसिक परिवर्तन स्वभाविक व अधिक स्थायी होता है। राजयोग के निरंतर अभ्यास से मनुष्य को आंतरिक खुशी की अनुभूति होती है। खुशी मानव का मूल गुण है, उसका श्रृगांर है, आत्मा की खुराक है। भगवान का दिया हुआ विरासत है जिसे हम दोनो मुट्टियों में कसकर बंद किये हुए संसार रंगमंच पर आते हैं। लेकिन धीरे-धीरे ये बंद मुद्दियाँ खुलती जाती है और खुशी बिखरते बिखरते आखिर छूमन्तर सी हो जाती है। फिर शुरू होता है खुशी को खोजने का निर्थ्थक दौर। व्यक्ति, वस्तु वैभव, प्रकृति, इन्द्रियों के विषयों से लेकर समस्त भौतिक जगत को खंगालने पर भी वो मनुष्य से दूर भागती नजर आती है। जैसे कोई दिल्ली जाने की गाड़ी में बैठे और यात्रा पूरी होने पर अपने को मुम्बई में पाये कुछ ऐसी ही हालत इस भौतिक जगत में खुशी के लिए भटकने वालो की होती है।

## सीएम हेमंत ने दिल्ली के एक चौक का नाम बिरसा मुंडा के नाम पर रखने पर जताई आपत्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली के एक बस पड़ाव के निकट चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखे जाने पर आपत्ति जताई है।

सोरेन ने एक्स पर ट्वीट कर शनिवार को कहा है कि ये है वह बस स्टॉप, वह चौक जिसका नाम हमारे भगवान बिरसा मुंडा पर रखा गया है। यह अपमान नहीं है तो और क्या है? क्या राजधानी दिल्ली में हम आदिवासियों के आराध्य के सम्मान के लिए, उनके प्रतिष्ठा एवं हमारी




आस्था के अनुरूप क्या कोई और उपयुक्त स्थान नहीं था? क्या सेंट्रल विस्टा का नाम हमारे भगवान पर नहीं रखा जा सकता था? यह झारखंडियों सहित देश के सभी आदिवासियों-मूलवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इस कदम को तुरंत वापस ले। हमारे भगवान हमारे नायक को उनकी प्रतिष्ठा, हमारी आस्था केअनुकूल स्थान दें।

उल्लेखनीय है कि बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को केंद्र सरकार ने दिल्ली के सराय काले खां आईएसबीटी बस स्टैंड के बाहर बड़े चौक का नाम बदलकर बिरसा मुंडा चौक कर दिया था।

## युगतीर्थ शान्तिकुंज प्रशिक्षण में वैश्विक ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यशाला में पांच राज्य के साधक हुए शामिल हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुञ्ज मुख्यालय में 5 प्रान्त बिहार,झारखण्ड,महाराष्ट्र ,गोवा सिलीगुड़ी जोन के साधक-शिष्य गणों और नैष्ठिक,कर्मठ कार्यकर्ताओं की त्रिदिवस प्रशिक्षण सत्र की कार्यशाला में भागीदारी शानदार सैकड़ों की संख्या में हुई है। कार्यक्रम का स्वरुप दिनांक 15 नवंबर से आगमन एवं पंजीयन से शुभारंभ हुआ। आज श्रद्धेया जीजी एवं श्रद्धेय डॉ. साहब से भेंट परामर्श (कलश पूजन एवं निर्देशन) में दिन भर में सुबह से सायंकालीन कई कार्यक्रम आयोजन चल रहे हैं। आज के कार्यक्रम में संगीत एवं उद्बोधन, विषय रहा अखण्ड ज्योति गुरुसत्ता का जन्म दिवस, जीवन्त वृतांत, साक्षात् स्वरुप एवं अखण्ड ज्योति की दिव्य ज्योति और उनकी भावनाओं की परिणति पर वक्ता थे आदरणीय श्री योगेन्द्र गिरि जी, संचालन-ओइन्द्र सिंह का रहा। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है, आज द्वितीय दिवस है। आज दिव्य ज्योति कलश की बहुत ही विशिष्ट रूप से विधिवत पूजा-पाठ हुए। कल सुबह भी प्रशिक्षण कार्यशाला में कई विषयों पर कार्यक्रम और संबोधन व प्रवचन एवं मार्गदर्शन होंगे। झारखंड से सभी जिला से साधक-शिष्यों व कार्यकर्ताओं की



अच्छी भागीदारी रही।

## छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट में एक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मेसरा ओपी क्षेत्र स्थित बीआईटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई । मारपीट की घटना में एक छात्र की मौत हो गयी है। यह घटना बीते 14 नवंबर की देर रात बीआईटी कॉलेज के पॉलिटेक्निक डिपार्टमेंट में घटी थी। जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक डिपार्टमेंट में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गयी, जिसमें एक छात्र राजा कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। राजा पासवान कोकर खोरहा टोली का रहने वाला था।उसके साथियों ने उसे गंभीर अवस्था में रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। दूसरी तरफ मृतक छात्र के परिजन शनिवार को कॉलेज पहुंचकर हंगामा करने लगे। वे इस घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें शांत कराया और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मेसरा ओपी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है।

मामले को लेकर परिजनों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी।

## श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व सजाया गया रैन सवाई दीवान

**प्रभाम तंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले पातशाह धन धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें पावन प्रकाश पर्व दिवस पर रैन सवाई दीवान सजाया गया.दीवान की शुरुआत 15 नवंबर को शाम साढ़े सात बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने नानक 'नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला....' शबद गायन कर की.हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने 'कोई बोले राम नाम कोई सेवै गोसाईयां कोई अल्लाहे.....' शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया. गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी जेवेन्दर सिंह जी ने कथावाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला.संगत को बताया कि बाबा नानक का प्रकाश उस समय हुआ जब पाखंड एवं अज्ञानता रूपी अंधेरा छाया हुआ था. उन्होंने इस पाखंड और अज्ञानता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व के अनेक देशों का भ्रमण किया इस विचरण यात्रा को उदासी कहा जाता है. दीवान में उपस्थित संगत द्वारा उनके साथ साथ शबद का उच्चारण करते सुन वो काफी प्रभावित हुए और उन्होंने रांची की संगत के भक्ति भाव की जमकर तारीफ की. रात 12.30 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 13 नवंबर से पढ़े जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग हुआ.मौके पर भाई महिपाल जी ने आरती और बधाई



का शबद पढ़ा.तत्पश्चात स्त्री सत्संग सभा एवं कीर्तन मंडली द्वारा बधाई का शबद गायन किया गया. श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति मध्य रात्रि 2.45 बजे हुई. इसी के साथ ही प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में अंतिम विशेष दीवान का समापन हुआ.मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया.सभा के पवनजीत सिंह खत्री द्वारा यूट्यूब चैनल मेरे साहब पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया. सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई जगतार सिंह जी,भाई जसकरण सिंह जी पटियाला वाले एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया. इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया.गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा खीर की सेवा की गई.

आज के दीवान में सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, चरणजीत मुंजाल,लेखराज अरोड़ा,जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, सुरेश मिढ़ा, मंजीत कौर,खुशबू मिढ़ा, दुर्गी देवी मिढ़ा, बिमला मिढ़ा, तीर्थी काठपालिया, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर, ममता सरदाना, मीना गिरधर, श्वेता मुंजाल, उषा झंडई, नीतू किंगर, ममता थरेजा, कंचन सुखीजा, सुषमा गिरधर समेत अन्य श्रद्धालु भी शामिल हुए.

## एनडीए दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से झारखंड में सत्ता प्राप्त करेगा : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सिल्ली थाना चौक के पास स्थित भाजपा के कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि एनडीए झारखंड में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से सीटों को जीत कर सत्ता पर काबिज होगा।

पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर बह रही है।प्रतुल ने कहा कि पहला चरण के भी जो 43 सीटों पर चुनाव हुए थे उनमें से दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगा। प्रतुल ने कहा कि सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को जनता रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कराने जा रही हैं। प्रतुल ने कहा भाजपा, आजसू,जदयू और लोजपा का इस बार का गठबंधन झारखंड के इतिहास का एनडीए का सबसे मजबूत गठबंधन है। जनता की आकांक्षा के अनुरूप एनडीए के घटक दलों ने सशक्त गठबंधन बनाया है।

प्रतुल ने कहा आजसू हमारा सबसे पुराना और नैसर्गिक साथी है।हम दोनों की एजेंडा में विकास मुख्य



मुद्दा है। प्रतुल ने कहा इस जनता प्रदेश की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार की विदाई चाहती है। पिछले 5 वर्षों में झारखंड में विकास नहीं दिखा।इसलिए एनडीए के घटक दलों ने अपने मेनिफेस्टो में किसान, मजदूर, महिला, युवा, गरीबों को राहत और रोजगार को मुख्य मुद्दा बनाया है।

प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के इतिहास की सबसे लुटेरी सरकार रही है। पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, कोयला घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला और अब तो आयु घोटाला भी हो गया इस सरकार के कार्यकाल में।

चुनाव में दिए शपथ पत्र की तुलना करने से 2019 और 2024 के बीच में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु 5 वर्षों में 7 वर्ष बढ़ गई।प्रतुल ने सिल्ली की जनता से आह्वान किया कि वे आजसू प्रमुख सुदेश महतो को रिकार्ड मतों से विजय बनाएं। इससे सिल्ली समेत पूरे प्रदेश में विकास का मार्ग खुलेगा। भाजपा नेता नवीन झा, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ,महामंत्री हरिहर महतो, उत्तम साहु, शिबू हजम, अभिषेक गुप्ता, राजेंद्र हजम, चंदन गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब टीम में खिलाड़ियों के चयन 18-19 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब के रांची क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए 18-19 नवंबर को चयन ट्रायल का आयोजन किया जायेगा। मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम श्यामली कॉलोनी में आयोजित चयन ट्रायल में इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी सुबह 8 बजे शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। बता दें

**चयनित खिलाड़ियों को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।**

कि सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट टीम रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेती है। खिलाड़ियों को एसके मंडल, केपी पात्रा को रिपोर्ट करना होगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 23 नवंबर को आयोजित होने वाले मतगणना की तैयारियों को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और



सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने, सभी कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया का पूर्व प्रशिक्षण देने समेत अन्य आवश्यक निर्देश दिया।

मतगणना प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों की स्पष्ट जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों से मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समय पर मतगणना प्रारंभ करने का निर्देश दिया। मतगणना के लिए उपयोग में आने वाले स्टेशनरी सामग्रियों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

काउंटिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बिरसा कॉलेज में बने काउंटिंग सेंटर पर 23 नवंबर को प्रातः 8॰00 बजे से पोस्टल बैलट से हुए मतदान की काउंटिंग एवं प्रातः 8॰30 बजे से ईवीएम के माध्यम से हुए मतदान की काउंटिंग प्रक्रिया शुरू होगी। ईवीएम से हुए मतदान की काउंटिंग के लिए 20-20 टेबल खूंटी विधानसभा क्षेत्र एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगाया जाएगा, वहीं पोस्टल बैलट से हुए मतदान के काउंटिंग के लिए 11-11 टेबल खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगाया जाएगा। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ससमय उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नही होगी। वहीं राजनीतिक पार्टियों को 20 नवम्बर तक अपने मतगणना एजेंट की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उलब्ध कराने को कहा गया है।

## इटकी पुलिस ने 3 वाहनों को अवैध रूप से लदे समान के साथ पकड़ा



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने साहेब मोड़ के निकट हाइवा और एक टर्बो वाहन को अवैध रूप से चिप्स परिवहन करते हुए पकड़ा। वाहन चालकों द्वारा खनिज परिवहन का कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई। जब्त वाहनों में JH01 - स्नह -7901 की हाइवा और JH01AY- 8225 की टर्बो ट्रक शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त खनिज (चिप्स) लदे वाहनों की सूचना खनन विभाग को भेज दी गयी है। उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## मनीष कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में किया प्रचार



**करमाटांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के प्रचार प्रसार करने पहुंचे सन ऑफ बिहार मनीष कश्यप नारायणपुर करमाटांड़ होते होते हुए जामताड़ा रोड शो में मनीष कश्यप ने जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पर आरोप लगाते हुए कहा की जो हमारे बहन बेटी बहू को आपत्तिजनक टिप्पणी करके उनका जो अपमान किया है बहुत ही निंदनीय है एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन को निशाना साधते हुए कहा बालू घोटाला कोयला घोटाला करके झारखंड को और खोखला कर रहे हैं वहां सैकड़ो कार्यकर्ता एवं फेन मौजूद थे।

## आगामी 20 नवंबर को अपने परिजनों संग बढ़ चढ़ करें मतदान : उपायुक्त



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो इस उद्देश्य स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 16.11.2024 को जिला से लेकर प्रखंड तक के सभी सरकारी कार्यालयों में स्वीप के तहत मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।इस दौरान संबंधित कार्यालयों के प्रधान के द्वारा अपील कर कहा गया कि सभी मतदाता सजग होकर 20 नवम्बर को अवश्य मतदान करें। मतदान हमारा दायित्व ही नहीं अपितु अधिकार भी है। जिले में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके लिए सभी लोग आगे आएं एवं सपरिवार वोट करने जाएं।

## बिना माइनिंग चालान के दो हाईवा, एक ट्रक व एक ट्रैक्टर जब्त, चालक व मालिकों के विरुद्ध केस

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काशीला गांव के पास छापेमारी कर अवैध परिवहन करते स्टोन चिप्स लदा चार वाहनों को जप्त किया गया है। इनमें दो हाईवा, एक ट्रक और एक ट्रैक्टर शामिल है। यह छापेमारी खान निरीक्षक एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ 14 एवं 15 नवंबर की रात काशीला गांव में की थी। पुलिस और खनन विभाग ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की थी। जिसमें अवैध परिवहन करते वाहनों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि खनन विभाग के साथ संयुक्त रूप से गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से स्टोन चिप्स का परिवहन के खिलाफ छापेमारी किया गया था। इस दौरान बिना माइनिंग चालान के अवैध स्टोन चिप्स लोड चार वाहनों को जप्त किया गया है। इनमें से दो हाईवा, एक ट्रक और एक ट्रैक्टर शामिल है। थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने कहा कि खान निरीक्षक के आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 239/2024 दर्ज कर लिया गया है। इसमें धारा 303 (2)/3 (5) बीएनएस 2023, 54 ऑफ जेएमएमसी 2004, 4/21 ऑफ एमएमडीआर एक्ट 1957, 7/9/13 ऑफ जेएम (पीआईएमटी एंड एस) रूल 2017 के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। इस मामले में जप्त किए गए सभी चार वाहनों के चालक और मालिकों को आरोपी बनाया गया है।

# शान्ति गोपाल ने किया दर्जनों गांव का तूफानी दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**फतेहपुर :** नाला विधानसभा के जेबीकेएसएस प्रत्याशी शान्ति गोपाल महतो के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया गया। इस दौरान नाला के आम जन मानस का अपार जन समर्थन मिलता हुआ नजर आया। शान्ति गोपाल महतो ने नाला विधानसभा वासियों से वादा किया कि वह अपने निजी वेतन का 95त्न जरुतमंद देवतुल्य गरीब जनता के समाजिक आर्थिक शेक्षणिक, एवं स्वाथ्य उपचार कार्य के लिए स्वाछिक रूप से दान करेंगे उन्होंने शिक्षा पर बात करते हुए कहा अगर जनता जनर्दन का आशीर्वाद प्राप्त होता है तो वह नाला में क्क्षश्वस्त्र कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई कॉलेज



के साथ-साथ पीजी की पढ़ाई के लिए भी कॉलेज का स्थापना करेंगे साथ ही नाला को अनुमंडल का दर्जा दिलाने का कार्य करुंगा। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम नालावासी आज इस कदर विवस हो चुके हैं कि हम जन्म भी बंगाल के अस्पताल में लेते हैं और अंतिम सांस भी वही गिनते हैं ।आज नाला विधानसभा में बड़े-बड़े बिल्डिंग तो बन चुके हैं लेकिन ना तो सही तरीके से डॉक्टर की व्यवस्था है ना ही दवाई की। यहाँ की जनप्रतिनिधि रोड और फूल पुलिया को ही विकास का नाम देते हैं लेकिन शिक्षा, स्वास्थ ,रोजगार ,प्लायन पर ये कोई बात करने को आज तैयार नहीं है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह पलायन पर रोक लगाने के लिए नाला में काजू प्लांट का स्थापना कर नाला को रोजगारमुखी क्षेत्र के रूप में उजागर करने का काम करेंगे। साथ ही नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सहित रोजगार सृजन हेतु काम करूंगा। उन्होंने भाजपा झामुमो पर तंज कसते हुऐ अपने संबोधन मे कहा कि भाजपा, झामुमो को नाला के जनता मोका देकर देख चुकी है लेकिन कोई विकास नही हुआ। इसलिए युवा नेत्रित्व को इसबार मोका देने जा रही है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कनाई चंद्र माल पहाड़िया ने किया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंडहित :** नाला विधानसभा के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्याशी कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया के द्वारा विधानसभा क्षेत्र कुंडहित बाजार भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया । इस दौरान कुंडहित बाजार के आम जन मानस का अपार जन समर्थन मिलता हुआ नजर आया। कनाई चंद्र मालपहाड़िया ने नाला विधानसभा वासियों से वादा किया कि वह अपने निजी वेतन का 75 त्न जरुतमंद देवतुल्य गरीब जनता के समाजिक आर्थिक शेक्षणिक, एवं स्वाथ्य उपचार कार्य के लिए स्वाछिक रूप से दान करेंगे उन्होंने शिक्षा पर बात करते हुए कहा अगर जनता जनर्दन का आशीर्वाद प्राप्त होता है तो नाला को अनुमंडल का



दर्जा दिलाने का कार्य करुंगा। रोजगार सावस्थ शिक्षा अवस्था सुधार करेंगे उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम नालावासी आज इस कदर विवस हो चुके हैं कि हम जन्म भी बंगाल के अस्पताल में लेते हैं और अंतिम सांस भी वही गिनते हैं ।आज नाला विधानसभा में बड़े-बड़े बिल्डिंग तो बन चुके हैं लेकिन ना तो सही तरीके से डॉक्टर की व्यवस्था है ना ही दवाई की। यहाँ की जनप्रतिनिधि रोड और फूल पुलिया को ही विकास का नाम देते हैं लेकिन शिक्षा, स्वास्थ ,रोजगार ,प्लायन पर ये कोई बात करने को आज तैयार नहीं है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह पलायन पर रोक लगाने के लिए नाला में काजू प्लांट का स्थापना कर नाला को रोजगारमुखी क्षेत्र के रूप में उजागर करने का काम करेंगे।

## मौसम का मिजाज अचानक बदलने के साथ ठंड ने दी दस्तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** हवाओं ने अचानक मौसम का मिजाज शुक्रवार को बदलकर रख दिया है। मौसम का मिजाज अचानक बदलने के साथ ठंड ने दस्तक दे दी। हालांकि बीते दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया और इसी के साथ ठंड ने दस्तक दे दी है। खलारी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की सुबह से ठंडी हवाएं चलती रही और हल्की ठिठुरन का अहसास हुआ। जानकारों के मानें तो बीते 15 नवंबर शुक्रवार से ही तापमान में गिरावट होने की उम्मीद की गई थी। परंतु 14 नवंबर गुरुवार से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। नवंबर माह की शुरुआत होने के बाद भी मौसम काफी गरम रह रहा था।

सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी हो रही थी, लेकिन 16 नवंबर शनिवार को मौसम का मिजाज अचानक से बदल गया और सर्दी ने अपनी दस्तक का लोगों को अहसास करा दिया। सुबह से ठंडी हवा के साथ लोगों को हल्की ठिठुरन का अहसास होता रहा। अचानक बदलते मौसम के कारण लोग गले में खराबी जैसे लक्षण महसूस कर रहे हैं। इस बीच शनिवार को मौसम का अधिकतम तापमान 27.0 एवं न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### बदलते मौसम में सेहत पर ध्यान जरूरी : डॉ. रविन्द्र

अचानक बदलते मौसम में सेहत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मौसम बदलने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, जिससे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। उक्त संबंध की जानकारी खलारी प्रखंड अंतगर्त मैकलुस्कीगंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ.रविन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने लोगों को पर्याप्त पानी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, गर्म कपड़े, मौसमी फल और सब्जियों का सेवन का सलाह दिए हैं।

# अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो को वोट देने की किया अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो के पक्ष में शनिवार को भाजपा के स्टार प्रचारक अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने नाला प्रखंड के नतूनडीह मेयदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। मिथुन चक्रवर्ती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपसभी जनता से निवेदन है आपलोग माधव चद्र महतो को अपना मतदान करें भाजपा उमीदवार माधव चंद्र महतो ने कहा आदिवासी मां बहने सुरक्षित नहीं है। यहां झारखंड में अधिकतर देखें तो बाहरी लोगों द्वारा लगातार उनके इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही सक्षम है। झारखंड



मुक्ति मोर्चा आदिवासियों का शोषण करती है। आदिवासियों की भलाई एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। इसलिए आप लोग अपनी भलाई एवं सम्मान की रक्षा तथा विकास के लिए हमको वोट देकर विजयी बनाएं, ताकि झारखंड में आपको सम्मान दिलाने वाली सरकार बन सके। मौके पर पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा काजल बाउरी प्रमोद गोस्वामी मनोज मंडल मनोज गोस्वामी प्रसनजीत घोष जितेन रावत किसान मुर्मू अभय सिंह टंडन यादव चंद्र मोहन घोष राधा रानी सोरेन विश्वनाथ दास सुमित सोरेन गिरधारी ठाकुर अक्षय आनंद पाठक सूरज झा एवं सभी कार्यकर्ता आम जनता उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने आदिवासी गांवों में चलाई मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** विभाग संयोजक अमित साहा ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा में कोई भी आदिवासी गांव पर ध्यान नहीं देते हैं उन्हें जागरूक करने या मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास नहीं करते हैं सिर्फ चुनाव से दो दिन पूर्व किसी तरह उनका वोट खरीदने का प्रयास करते है। जिस कारण से झारखंड बनने के 24 साल बीत जाने के बाद भी आज तक पाकुड़ विधानसभा के आदिवासी गांव की कोई विकास नहीं हुई है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयास कर रही है कि आदिवासी गांव के अंदर जाकर लोगों को मतदान के प्रति और अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करें ताकि राजनीतिक पार्टियों सिर्फ चुनाव के दो दिन पूर्व नहीं बल्कि पूरे 5 साल तक आदिवासी पंचायत पर ध्यान दें. जिससे हमारा आदिवासी समाज मुख्य धारा से जुड़ सके।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि आदिवासी गांव के अंदर हमें यह सुनने को मिल रहा है कि 5 साल तक हमारे गांव में कोई नेता नहीं आता है सिर्फ चुनाव से 2 दिन पहले आकर बड़े-बड़े वादे करते हैं और हमारा वोट खरीदने का प्रयास करते हैं।मौके पर सत्यम भगत,अभिजीत सिंह,चंदन पहाड़िया, बाबूलाल सोरेन,अनीसुर संग अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी के पक्ष में मुख्यमंत्री ने किया जनसभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** झारखण्ड के मुखयमंत्री सह स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन ने शनिवार को पाकुड़िया यज्ञ मैदान में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी की जनसभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी ने गठबंधन सरकार की कार्य शैली को दर्शाया तथा आम जनों को लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा करते हुए तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील भी किया। वही स्टार प्रचारक सह मुखयमंत्री हेमंत सोरेन ने खचाखच भरे जनसभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उपस्थित लोगों में कम समय में अपने शब्दों के माध्यम से उत्साह बढ़ाया। साथ ही महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित/अपील किया। उन्होंने अपने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। साथ ही मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना के तहत प्रतिमाह दी जा रही हजार रुपया और पुनः महागठबंधन सरकार बनने से दिसंबर माह से 1000 रुपया से बढ़ाकर 2500 रुपया देने की बातें कही। साथ ही उन्होंने कृषि ऋण माफी समेत बिजली बिल माफ, तथा सरकार बनते ही प्रत्येक परिवार को एक एक लाख रुपया देने की बात कही अन्य के बारे में भी साझा करते हुए खचाखच भरे जनसभा में उपस्थित लोगों को 20 नवंबर 2024 को स्टीफन मरांडी के पक्ष में क्रमांक संख्या 3 में चुनाव चिन्ह तीर-धनुष छाप पर मतदान करने हेतु बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी किया।

# नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा के प्रधान शिक्षक व बीआरपी-सीआरपी को शो कॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने सदर प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा के प्रधान शिक्षक गुलाब शेख के स्कूल से नदारद से संबंधित प्रकाशित खबर को गंभीरता से लिया है। प्रभात मंत्र में 14 नवंबर के अंक में 5 दिन से गायब चल रहे प्रधान शिक्षक, पुत्र चल रहा स्कूल, खतरे में बच्चों का भविष्य शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए शो कॉज के साथ ही मानदेय स्थगित की कार्रवाई की है। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने प्रधान शिक्षक गुलाब शेख सहित बीआरपी और सीआरपी से भी स्पष्टीकरण पूछा है। पत्र प्राप्ति के तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने बीईईओ को भी कहीं ना कहीं जिम्मेदार ठहराया है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीईईओ को इस मामले में स्कूल का स्थलीय जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है। प्रधान शिक्षक गुलाब शेख को शो कॉज की कार्रवाई करते हुए कहा है कि 14 नवंबर को दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र में 5 दिन से गायब चल रहे प्रधान शिक्षक, पुत्र चल रहा स्कूल, खतरे में बच्चों का भविष्य शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा पाकुड़ से संबंधित है। विद्यालय में दो शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद आपके द्वारा अपने पुत्र से अध्ययन का कार्य किया जाना आपकी लापरवाही और अनुशासनहीनता को परिलक्षित करता है। अतः समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के आलोक में बिंदुवार स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि समय पर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिला या फिर असंतोषजनक स्पष्टीकरण दिया गया, तो नियम अनुसार कार्रवाई की बाध्यता होगी। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने स्पष्टीकरण की कार्रवाई के साथ ही प्रधान शिक्षक गुलाब शेख का मानदेय स्थगित कर दिया है। अगले आदेश तक नवंबर महीने का मानदेय पर रोक लगा दी गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने इस मामले में बीईईओ से पत्र के जरिए कहा है कि प्रतीत होता है कि आप सहित बीआरपी और सीआरपी के द्वारा स्कूल का दैनिक अनुश्रवण नहीं किया जाता है। उन्होंने बीआरपी और सीआरपी को तीन दिनों के अंदर कार्यालय को स्पष्टीकरण का जवाब देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय के प्रधान शिक्षक गुलाब शेख 5 दिन से स्कूल से गायब चल रहे थे। उनकी जगह उनके पुत्र पठन-पाठन या स्कूल संचालन कर रहे थे। प्रभात मंत्र अखबार में मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने खबर को गंभीरता से लेते हुए प्रधान शिक्षक गुलाब शेख सहित बीआरपी व सीआरपी से भी स्पष्टीकरण मांगा है।

# उलीडीह में अपराधी टोनी सिंह की गोली मारकर हत्या

**- साथी के भी पैर में लगी गोली, कार से आये थे हमलावर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उलीडीह थाना अंतर्गत उमा टिफिन के पास शुक्रवार देर रात अपराधियों ने अमरनाथ गिरोह के सदस्य टोनी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। कार से आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। गोली लगने से टोनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मौके पर मौजूद टोनी का साथी विष्णु टुडू घायल हो गया। घटना के बाद टोनी को ब्रह्मानंद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, विष्णु को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। विष्णु के पैर में गोली लगी है। घटना की जानकारी देते हुए विष्णु ने बताया कि वह टोनी और गौरव के साथ कार में बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान उत्तम मौके पर पहुंचा और हाथापाई करने लगा। हालांकि सभी ने मिलकर उत्तम को वहां से भगा दिया। थोड़ी देर बाद उत्तम अविनाश और नीतीश के साथ आया। अविनाश ने बहस करते हुए अपने पास से हथियार निकाला और फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके से तीन खोखा और उत्तम की कार बरामद की है। पुलिस ने कार को जब्त किया और थाने ले गई। इधर, टोनी के शव को पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया गया है। बताया जाता है कि टोनी पूर्व में भी कई बार आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। अप्रैल 2023 में वह आखिरी बार जवाहर नगर रोड नंबर 14 में फायरिंग करने के मामले में जेल गया था। नवंबर 2023 में जेल से बाहर आने के बाद वह जमीन के कारोबार से जुड़ गया। उत्तम के साथ जमीन को लेकर ही विवाद चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## टेल्को में भी दिनदहाड़े बिरसानगर के युवक पर बरसाई गोलियां, मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में चुनाव संपन्न होते ही आपराधिक वारदातों में बढ़ोतरी होने लगी है। उलीडीह में शुक्रवार की देर रात युवक की हत्या के बाद अब टेल्को थाना क्षेत्र में भी शनिवार को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बिरसानगर के निवासी सुनील सिंह (44) को अपराधियों ने उस वक्त गोली मारी, जब वह फिजियोथेरेपी कराने के लिए साकची जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और सुनील को तुरंत टाटा मोटर्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में सुनील का साथी गुलशन भी घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार, घटना के समय सुबह करीब 11 बजे वे फिजियोथेरेपी के लिए घर से निकले थे और उनके साथ गुलशन भी था। दोनों स्कूटी से जा रहे थे, कि सीटू तालाब के पास अपराधियों ने अचानक उन पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश जारी है।



## सावधान! दुकान के बाहर अपना क्यूआर चिपका रहे अपराधी



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साइबर अपराधी हमेशा नई - नई तरकीब निकाल लोगों को ठगने की फिराक में रहते हैं। थोड़ी सी असावधानी से आपको आर्थिक नुकसान हो सकता है। बीती रात को डुमरिया बाजार में कई दुकानों के आगे मौजूद क्यूआर कोड में अपराधियों ने दूसरा क्यूआर कोड का कतरन चिपका दिया। जिसके कारण कस्टमर के द्वारा भेजी गई रकम दुकानदारों के पास नहीं पहुंची। इसके बाद जब दुकानदारों ने जांच की तो अपने क्यूआर कोड के उपर दुसरे का क्यूआर कोड चिपका हुआ पाया। थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने इस मामले पर सलाह देते हुए कहा कि सभी दुकानदारों को अपने क्यूआर कोड के सामने अपना नाम अंकित करना चाहिए। दुकान के अंदर ही अपना क्यूआर कोड रखना आवश्यक है, ताकि कोई दूसरे लोग इसमें छेड़छाड़ नहीं कर पाए। साथ ही कस्टमर और दुकानदार दोनों को ही नाम कंफर्म होने के बाद ही रकम ट्रांसफर करना चाहिए। जिससे इस प्रकार की ठगी होने से बचा जा सकता है।

## समाजसेवी विजय कुमार सिंह ने बच्चों को दिया क्रिकेट का बल्ला



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के भूला गांव निवासी समाजसेवी विजय कुमार सिंह ने शनिवार को भूला गांव के टोला चित्रनगर में छोटे -छोटे बच्चों को एक क्रिकेट का बल्ला प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही छोटे बच्चों के लिए भूला क्रिकेट मैदान में एक ड्यूज कोचिंग की भी व्यवस्था करेंगे ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी क्रिकेट में अपना कैरियर बना सकें। मौके पर उनके साथ भरत सिंह, जीवन सिंह, हरकिशन सिंह उपस्थित थे।

## पलाशबनी में आयोजित सोहराय पर्व में शामिल हुये झामुमो नेता पिंटू दत्ता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत पलाशबनी पंचायत के श्रीघुटू गांव में आयोजित सोहराय पर्व में मुख्य अतिथि के रूप शामिल झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदाय की भाषा-संस्कृति व परंपरा ही उसकी पहचान का मुख्य आधार है इसलिए युवा पीढ़ी को इसे बचाए रखने की जरूरत है। इस दौरान गोरु खूंटाव प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मौके पर बुद्धेश्वर कुंडू, कांग्रेस सिंह, प्रधान महतो व गोविंद महतो आदि मौजूद थे।

## जादूगोड़ा के झरिया गांव में सोहराय पर्व की धूम, बैलों को नचाया



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जादूगोड़ा के झरिया गांव के स्कूल मैदान में बैलों का पर्व सोहराय शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जानवर को खूटा में बांध कर चमड़ी के खाल को हवा में उड़ाकर बैलों को नचाया गया। इसके पूर्व गाय व बैलों की पूजा- अर्चना व आरती की गई। इस दौरान महिलाओं ने सोहराय की महत्ता व परम्परा को गीतों में पिरोकर मारांग बुरु से गांव की सुख, समृद्धि की कामना की। ग्रामीण रमेश सोरेन ने कहा कि गांव में कोई अनिष्ट न हो जिसको लेकर ग्रामीण पूर्णिमा में सोहराय पर्व मनाते हैं। जिसके पीछे एक पौराणिक कथा है। कार्यक्रम को सफल बनने में ग्राम प्रधान रघुनाथ बास्के, रमेश सोरेन, फागू सोरेन, मुखिया सिराम सोरेन, भरत चंद्र सरदार, विश्वनाथ बास्के, क्षेत्र मोहन सिंह, मंगल मुर्मू, भोगला टुडू, गोपाल टुडू, लोगेन मार्डी व फुदन सोरेन ने अहम योगदान दिया।

## चुनाव पूर्व किये हर वादे होंगे पूर्ण : पवन



**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसे पूरा करती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक प्रतिनिधि पवन अग्रवाल ने चुनाव के पूर्व जनता से किए वादों को पूर्ण करने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया है। क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत आम जनता की छोटी छोटी समस्याओं की जानकारी मिलने पर समाधान का भरोसा दिलाया था। बिरसानगर 3 ब डूंगरी ऊपर स्लम एरिया में 16 स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे थे। साथ ही नालियां गंदगी से बजबजा रही थी। पवन ने मतदान के बाद कार्य कराने का आश्वासन दिया था। तत्काल सभी लाइटों की मरम्मत कराते हुए युद्ध स्तर पर सफाई का कार्य कराया गया जिससे स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगो को राहत मिली। दूसरी ओर कुष्ठ पीड़ितों के शास्त्री और सुभाष आश्रम में काफी दिनों से मंदिरों के पास पड़े मलवे के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। संबंधित विभाग से संपर्क कर जेसीबी की मदद से मलवे की अच्छे ढंग से सफाई कराई गई, ताकि समाज के अंतिम व्यक्तियों की परेशानी का समाधान हो सके। पवन के अनुसार दरभंगा लाइन में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए पहल की गई है। चुनाव में प्रचार के दौरान महिलाओं ने इस समस्या की समाधान की मांग की थी। पवन ने जुस्को के जनरल मैनेजर से बात कर जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की। ताकि बस्तियों में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा न हो तथा अवैध नशा के कारोबार पर रोक लगे। पवन अग्रवाल के अनुसार भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसे पूरा करती है, कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है इसलिए लोगों का विश्वास कायम है। पवन के अनुसार पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू काफी मतों के अंतर से चुनाव जीत रही है। आम जनता ने खुले मन से कमल खिलाने का कार्य किया है। 23 तारीख को कमल का खिलना तय है।

## महान गायिका शारदा सिन्हा को मिले भारत रत्न सम्मान : मुकेश झा

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामाजसेवी सह राजद नेता मुकेश झा ने मैथिली और भोजपुरी संगीत को समृद्ध बनाने वाली महान गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि शारदा सिन्हा ने अपनी मधुर आवाज और अनमोल योगदान से इन भाषाई परंपराओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। विदित है कि मैथिली और भोजपुरी संगीत की सुर साम्राज्ञी मानी जाने वाली शारदा सिन्हा को उनके प्रशंसक प्यार से मिथिला की लता मंगेशकर भी कहते हैं। उन्होंने विवाह, मुंडन और आस्था का महापर्व छठ जैसे अवसरों पर ऐसे गीत दिए, जो आज भी हर दिल में बसे हुए हैं। उनके गीत छठ पर्व की पहचान बन चुकी है और बिहार- झारखंड सहित देशभर के प्रवासी भारतीयों के बीच भी लोकप्रिय हैं। झा ने कहा कि शारदा सिन्हा का योगदान केवल गीतों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने मैथिली और भोजपुरी संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का यह सही समय है। शारदा सिन्हा को पहले ही पद्मश्री और पद्मभूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। लेकिन उनके कार्यों की विशालता को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

## अभिषेक हेंब्रम हत्या मामले में पत्नी के बयान पर हुआ प्राथमिकी दर्ज, पड़ोसी रौशन हेंब्रम समेत तीन पर आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना क्षेत्र के छोलगोड़ा में गुरुवार देर शाम को 40 वर्षीय अभिषेक हेंब्रम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद उनकी पत्नी और पड़ोसियों ने घायल अभिषेक को तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम व थाना प्रभारी फैज अहमद मौके पर पहुंचे और मामले की विस्तृत जानकारी ली। इस संबंध में मृतक की पत्नी ने पड़ोसी रौशन हेंब्रम पर हत्या का आरोप लगाया है। उनके अनुसार, घटना के समय अभिषेक घर पर ही थे, तभी रौशन अपने साथी भोला और अन्य युवकों के साथ वहां पहुंचा। दोनों के बीच बहस बढ़ने पर रौशन ने अभिषेक पर गोली चला दी, जो उनके बाएं पंजरे में लगी और उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी के अनुसार, अभिषेक और रौशन दोनों का राशन दुकान था। लगभग एक महीने पहले दोनों के बीच ग्राहकों को लेकर विवाद हुआ था। उस समय मामले को सुलझा लिया गया था, लेकिन रौशन ने दुश्मनी पाले रखी और इसी के चलते हत्या कर दी। मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर पुलिस ने रौशन हेंब्रम, भोला हेंब्रम और राजेश कर्मकार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी तौकीर आलम ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और अन्य संभावित कारणों की भी जांच कर रही है। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित ट्रक ने बस को पीछे से ठोका, बस चालक व एक यात्री घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली रांगामाटी मुख्य सड़क पर तुता मोड़ के पास यात्री उठा रही आरती कोच, जंगल महल बस को पीछे से आ रहा अनियंत्रित सीमेंट लदा एक ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दिया। ट्रक के ठोकर से सड़क पर खड़ी बस के पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में बस चालक विश्वनाथ दास के सिर में चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया एवं एक यात्री का हाथ टूट गया। घटना शनिवार की सुबह करीब 7 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार टीकर से पुरुलिया जा रही जंगल महल बस तुता मोड़ पर यात्री उठाने के लिए खड़ी थी, तभी पीछे से अनियंत्रित तेज रफ्तार सीमेंट लदा ट्रक पीछे से बस को जोरदार ठोकर मार दिया। घायल बस चालक को मिलन चौक स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जबकि एक यात्री की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पाकर पहुंची ईचागढ़ पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बस व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। इस संबंध में बस चालक विश्वनाथ दास ने बताया कि घटना ट्रक चालक की लापरवाही से घटी और गनीमत रही कि पीछे की सीट पर यात्री नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। सड़क सुरक्षा को लेकर डुमटांढ़ से सिता नाला पुल तक कोई स्पीड ब्रेकर या कोई भी सतर्क बोर्ड नहीं है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने डुमटांढ़ से झारूआ मोड़ तक स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## साउथ प्वाइंट स्कूल में बाल दिवस पर वंडरलैंड फेस्ट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**पटमदा :** बाल दिवस के अवसर पर साउथ प्वाइंट स्कूल, पटमदा की ओर से शनिवार को बचपन की भावना का सम्मान करने के लिए एक जीवंत और मजेदार कार्यक्रम, वंडरलैंड फेस्ट का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में कई खाद्य स्टॉल और खेल थे, जो छात्रों की पसंद और रुचि के अनुसार थे। स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर आकर्षक गतिविधियों तक, इस कार्यक्रम ने छात्रों को तनावमुक्त होने, मौज-मस्ती करने और अपने साथियों के साथ शानदार यादें बनाने का मंच प्रदान किया। फेस्ट का एक विशेष आकर्षण लकी कूपन ड्रा था, जिसने रहस्य और रोमांच का तत्व जोड़ा। छात्रों ने उत्सुकता से भाग लिया और विजेताओं ने रोमांचक पुरस्कार जीते, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई। यह कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था कि हर बच्चे शामिल और पोषित महसूस करे, जो बाल दिवस के वास्तविक सार को दर्शाता है। अध्यक्ष शिव प्रकाश शर्मा और निदेशक शिवम शर्मा की उपस्थिति से उत्सव और भी बढ़ गया, जिन्होंने छात्रों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दिन के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके प्रेरक शब्दों और वंडरलैंड फेस्ट की सावधानीपूर्वक योजना ने समारोह को एक शानदार सफलता बना दिया, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी।

## खैरबनी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में पीआरएमएमसी बाबनीडीह ने केटेज कोड़ा एफसी को हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत लुआबासा पंचायत के खैरबनी फॉरेस्ट ग्राउंड में खैरबनी बिकास समिति (केबीएस) की ओर से बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। इससे पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों व अतिथियों ने नमन किया। 32 टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच पीआरएमएमसी बाबनीडीह व केटेज कोड़ा एफसी के बीच खेला गया। इसमें पीआरएमएमसी बाबनीडीह की टीम विजेता बनी जिसे अतिथियों के हाथों 30 हजार की नकद राशि, ट्रॉफी व खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि उप विजेता केटेज कोड़ा एफसी को 20 हजार रुपए, ट्रॉफी व खस्सी दिया गया। सेमीफाइनल में पराजित दोनों दलों कालेश्वर महादेव व आराध्या एफसी को 10-10 हजार की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि पलटन मुर्मू, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिप पिंटू दत्ता, गोविंद महतो, बुद्धेश्वर कुंडू, कांग्रेस सिंह व प्रधान महतो आदि मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन की सरकार में पत्रकारों के लिए होगी योजनाओं की शुरुआत : डॉ. अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर सभी पत्रकार बंधुओं को शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है इसलिए मीडिया व प्रेस को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी होगी। यह स्वस्थ लोकतंत्र के अत्यंत आवश्यक है। जब प्रेस व मीडिया पर सवाल उठने लगे अथवा एक तरफा काम करने लगे तो इसका प्रभाव कहीं ना कहीं लोकतंत्र की सेहत पर भी पड़ता है। मीडिया सत्ता और समाज के बीच एक मजबूत सेतु है। कुछ एक अपवाद को छोड़ दें तो मीडिया लगातार समाज को जागृत करने में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। डॉ. अजय ने कहा कि मीडिया भी बाजारवाद के प्रभाव से अछूता नहीं रहा बावजूद इसके मीडिया ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभायी है। सूचना क्रांति के इस युग में जिसके पास सबसे पहले सही, सटीक और तथ्यपरक सूचनाएं होंगी वही विजेता होगा। सबसे पहले की इस आपाधापी में कई बार गलत एवं तथ्यहीन समाचार प्रसारित भी हुए। समाज को जिसका नुकसान भी उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ ही समाज के विकास में मीडिया अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मीडिया व प्रेस के साथ ही पत्रकार साथी बधाई के पात्र है। डॉ. अजय ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार में मीडिया एवं पत्रकार साथियों के कल्याणार्थ योजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

## जेएलकेएम नेता विनोद स्वांसी पहुंचे सिल्ली, पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र महतो के लिये किया प्रचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने शुक्रवार को सुबह में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राहे प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाषा में एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने चन्दनदीह, होतालो, फुलवार, बेहराबेड़ा, ईरीसेरेंग, रामडेरा, कांटाटोली व सताकी गांव में आयोजित बिरसा जयंती कार्यक्रम में भी शिरकत की। विनोद ने बताया कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में हजारों की संख्या में पान, तांती व स्वांसी समुदाय के लोग रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस बार उनके समुदाय का समर्थन भी देवेंद्र महतो को मिलेगा जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो जाएगी।

## नानक पेड़ सेवा दल की 29वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

जमशेदपुर : नानक पेड़ सेवा दल की 29वीं वर्षगांठ पर देश भक्ति गान एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल के 200 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जज की भूमिका में सर्भयोग्या बैनर्जी, मौसमी सिन्हा, नानक पेड़ सेवा दल के कुलबीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह पुरुषोत्तम मिश्रा , देवनाथ तिवारी, मति शीला शर्मा, उपस्थित थे। कुलबीर सिंह ने बताया कि शनिवार को सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## सिदगोड़ा में बाल मेला 20 को, तैयारी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में एक बार फिर बाल मेला का आयोजन होने जा रहा है। स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस पर तृतीय बाल मेला का आयोजन चिल्ड्रन पार्क, सिदगोड़ा में किया जा रहा है। इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता की वजह से बाल मेला मात्र एक दिन के लिए ही लगाया जाएगा। मेले में 10+2 स्तर तक के स्कूली छात्र भाग ले सकेंगे। मेले का शुभारंभ प्रातः 8 बजे और समापन संध्या 4 बजे होगा। मेले में विविध प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिताएं एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम होंगे।

गौरतलब हो कि प्रथम बाल मेला 2022 में राष्ट्रीय बाल दिवस (14 नवम्बर) के तथा दूसरा बाल मेला 2023 में विश्व बाल दिवस (20 नवम्बर) के अवसर पर हुआ था। प्रथम बाल मेला तीन दिवसीय तथा द्वितीय बाल मेला पांच दिवसीय था।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## एक नहीं, पर सेफ हैं

**भाजपा** ने महाराष्ट्र के अखबारों में एक विज्ञापन छपवाया है-एक हैं, तो सेफ हैं। विज्ञापन के 'एक' शब्द में 46 टोपियां और पगडियां छापी गई हैं। वे महाराष्ट्र के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन एक टोपी गायब है। बेशक वह टोपी मुसलमान की है, जो बहुधा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ वोट देता है। यहीं से स्पष्ट होने लगता है कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'बंटेंगे, तो कटेंगे' का नारा क्यों लगाया था ? उसी तर्ज पर प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के दौरान यह नारा क्यों लगवा रहे हैं-'एक हैं, तो सेफ हैं।' दोनों का भावार्थ एक ही है। प्रधानमंत्री ने अपने नारे को साजिश से जोड़ दिया है और समाज को बांटने के लिए कांग्रेस को लगातार आरोपित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान की शपथ ली है कि वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। भाजपा-एनडीए के ही प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि समूचे विपक्ष के भी प्रधानमंत्री हैं। विज्ञापन और चुनाव प्रचार से यह भी साफ हो रहा है कि भाजपा हिंदू-मुसलमान की बात कर रही है। यह आश्चर्य है कि देश का 80 फीसदी बहुसंख्यक, 15 फीसदी अल्पसंख्यक की तुलना में, भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रचारक नेता लगातार ये नारे बुलंद कर बहुसंख्यक हिंदुओं को लामबंद करना चाहते हैं। यह चुनावी लक्ष्य है। यह प्रधानमंत्री या वरिष्ठ नेताओं की राष्ट्रीय, सामाजिक, जातीय चिंता नहीं है। करीब 145 करोड़ की आबादी वाला भारत 'एक' हो ही नहीं सकता। विविधता तो भारत की खूबसूरती है। उत्तर, दक्षिण, पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति, उनके रस्मो-रिवाज, उनकी भाषाएं-बोलियां, नस्लें, जातियां-उपजातियां और धार्मिक आस्थाएं बिल्कुल अलग-अलग हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान के बावजूद वे 'एक' नहीं हो सकतीं, लेकिन भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता के सवाल पर वे सभी 'एक' हैं, 'भारतीय' हैं। प्रधानमंत्री को चिंता क्यों करनी चाहिए ? बीते 77 साल से भारत राष्ट्र 'एक' है, बहुत कुछ भिन्न है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव हैं। उप्र समेत कई राज्यों में उपचुनाव भी हो रहे हैं। एक तरफ मुसलमानों के उलेमाओं, मौलानाओं ने बैठकें की हैं और महाविकास अघाड़ी के पक्ष में वोट करने के आह्वान किए हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण देने जैसी भी शर्त रखी है। एक अन्य बैठक में 'वक्फ बिल' के विरोध में 24 नवंबर को 'दिल्ली कूच' का आह्वान खासकर मुस्लिम नौजवानों के लिए किया गया है। 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। दिल्ली केंद्रीय सत्ता की धुरी है। ऐसे आह्वान और विरोध-प्रदर्शन, कानून के दायरे में, किए जा सकते हैं। मुस्लिम मौलानाओं ने 'औकात' और 'रूह कांप जाएगी' सरीखे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह सामाजिक, सांप्रदायिक अलगाव को दर्शाता है। दूसरी तरफ हिंदुत्व जनसंघ और भाजपा का बुनियादी, चुनावी विचार-बिंदु रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री के स्तर पर इसे चुनावी मुद्दा क्यों बनाया गया है ? यदि देश विभाजक अवस्था में लग रहा है, तो उसे दुरुस्त करना प्रधानमंत्री का प्रथम कत्तव्य है। 'बंटेंगे' और 'एक' पर कांग्रेस भी आक्रामक और उग्र मुद्रा में आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने योगी के नारे को 'आतंकवाद' से जोड़ दिया है और योगी की गेरुआ वेशभूषा पर भी सवाल किए हैं। इसकी प्रतिक्रिया में साधु-संत भी आक्रामक हो गए हैं और खडग़े के बयान को 'सनातन का अपमान' करार दिया है। प्रधानमंत्री और योगी के नारों से स्पष्ट है कि देश में हिंदुओं का अस्तित्व ही खतरे में है। भाजपा यह मुद्दा अपने जन्मकाल से ही उठाती रही है। देश के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी हिंदू जनसंख्या से अधिक हो गई है अथवा पहले से ही यही समीकरण थे। सिर्फ उसी आधार पर नारा नहीं दिया जा सकता-'एक हैं, तो सेफ हैं।' आरएसएस भी बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा एक लंबे अंतराल से उठाता रहा है। बीते 10 साल से अधिक समय से भारत में भाजपा-संघ की सरकार है। घुसपैठियों को बाहर खदेड़ा क्यों नहीं गया ? राज्यों में भी भाजपा की सरकारें सर्वाधिक हैं। 2011 की जनगणना से स्पष्ट संकेत मिले थे कि देश में जनसांख्यिकी के समीकरण बदल रहे हैं। अब 2025 में जनगणना होनी है।

> प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान की शपथ ली है कि वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। भाजपा-एनडीए के ही प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि समूचे विपक्ष के भी प्रधानमंत्री हैं। विज्ञापन और चुनाव प्रचार से यह भी साफ हो रहा है कि भाजपा हिंदू-मुसलमान की बात कर रही है। यह आश्चर्य है कि देश का 80 फीसदी बहुसंख्यक, 15 फीसदी अल्पसंख्यक की तुलना में, भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रचारक नेता लगातार ये नारे बुलंद कर बहुसंख्यक हिंदुओं को लामबंद करना चाहते हैं। यह चुनावी लक्ष्य है। यह प्रधानमंत्री या वरिष्ठ नेताओं की राष्ट्रीय, सामाजिक, जातीय चिंता नहीं है। करीब 145 करोड़ की आबादी वाला भारत 'एक' हो ही नहीं सकता। विविधता तो भारत की खूबसूरती है।

### प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया

## गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

ललित गर्ग

> धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है ? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता।

**गंगा** की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है ? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार ? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई,



रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं।

दृष्टि कोण

## आवासविहीन लोगों को कब मिलेगी छत

**इसमें** कोई शक नहीं कि पिछले 77 वर्षों में भारत ने बहुत उन्नति की है। 1947 में देश की केवल धरती का ही बंटवारा नहीं हुआ, लोग भी बंट गए, कट गए, उजड़ गए, दीनहीन, अनाथ होकर देश के करोड़ों लोग विस्थापित होकर अथवा सांप्रदायिक दंगों का शिकार होकर भूखे, अद्र्धनग्न सडक़ों पर जीने, तड़पने को मजबूर हो गए। भारत की तत्कालीन सरकार ने उस देश को संभाला। साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों में बंटे देश को सरदार पटेल जी जैसे नेता ने एक सूत्र में पिरोया और धीरे-धीरे शरणार्थी समस्या का भी समाधान करके उन देशवासियों को संभाला, गले लगाया जो सब कुछ लुटाकर भारत आए थे। समय ने उनके घाव तो शायद पूरी तरह न भरे हों, पर देशवासियों ने शरणार्थी बनकर आए अपने भाई-बहनों को घर-परिवार बसाने में पूरा सहयोग दिया। यह तो हो गई 77 वर्ष पुरानी त्रासदी की बात। इन वर्षों में देश का गौरव बढ़ा, संसाधन बढ़े, सीमाओं की रक्षा करने में हम समर्थ हुए। जल-थल-नभ के पहरेदार मजबूत होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। इसी बीच कभी शिक्षा का अधिकार, कभी स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार दिया गया। कानून के समक्ष सब नागरिकों को समानता का अधिकार तो संविधान निर्माताओं ने ही दे दिया था, पर आज भी हम निश्चिंत नहीं हो सकते। एक तरफ तो यह समाचार मिलते हैं कि किसी धनपति ने 600 से ज्यादा कमरों वाला ऐसा महल बनाया जिसके गैराज में सैकड़ों कारें एक समय खड़ी हो सकती हैं। देश के राजभवनों, राष्ट्रपति भवन, नया संसद भवन एवं अन्य कुछ विशिष्ट इमारतों की सुंदरता, लंबाई-चौड़ाई की चर्चा यदा कदा होती रहती है। हमारे देश के टीवी चैनलों में भी ऐसी बहुत सी चर्चाएं होती हैं जिनका आम आदमी को तो कोई लाभ नहीं, पर कुछ नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप और लड़ाई-झगड़े का मंच बना रहता है। अगर कभी नहीं चर्चा होती तो उन बेचारों की नहीं होती जो एक रैनबसेरे के अभाव में या एक छत को तरसते हुए रात भर ठंडी-गर्म सडक़ों पर पड़े ठिठुरते या सिकुड़ते आकाश के तारों को देखते हैं और अनेकशः वे तारे भी धुंध और कोहरे में लिपटे उन्हें दिखाई नहीं देते। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रीकाल में एक लक्ष्य बनाया है कि जिनके पास अपने घर नहीं, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने को विवश हैं, उनको मकान दिए जाएं। बहुत से दिए भी गए, पर वह सब ऊंट के मुंह में जीरा है। ऐसी दुखद घटनाएं बार-बार सुनने को मिलती हैं कि लोग सडक़ पर सोये थे और तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। बड़े महानगरों में जहां फुटपाथ पर सोने वालों की संख्या भी बहुत ज्यादा है, ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं। मुंबई से लेकर पंजाब तक यदा-कदा ऐसे दुखद, पर देश के विकास पर तीखा प्रश्नचिन्ह उठाने वाले समाचार मिलते हैं। बड़े-बड़े दावे ये सरकारें करती हैं कि रैनबसेरे बनाए गए। गरीबों को सोने के लिए जगह दी गई, पर जगह वहां मिलती है जहां कभी भी कहीं भी मौत झपटकर उन्हें ले जाती है। श्रम विभाग और मानव अधिकार आयोग भी नहीं देखता कि जहां ये मजदूर काम करते हैं वहां इनको मानव के योग्य स्थान और वातावरण दिया जाता है या नहीं। सडक़ों पर गरीबों के किसी न किसी वाहन से कुचले जाने की घटनाएं देश में सुनने को मिलती हैं। हरियाणा के हिसार के एक फुटपाथ पर सोये हुए मजदूर कार द्वारा कुचले गए। पांच की मौत हो गई। कुछ घायल हो गए। दिल्ली में भी फुटपाथ पर सोये लोगों की वाहनों से कुचलकर मौत के समाचार आ चुके हैं। मुंबई में तो ऐसा संभवतः कई बार हुआ होगा, लेकिन जब कार चालक कोई विशिष्ट अभिनेता या नेता हो तो उन बेचारों को न्याय भी नहीं मिल पाता जो बिना छत और बिना कंबल के सडक़ों पर सोने को मजबूर हो गए। खन्ना में अबोध बच्चों के कार द्वारा कुचले जाने के बाद यह प्रतीक्षा रही कि कोई टीवी चैनल या कलम का धनी इन बच्चों की बिलखती मां की पीड़ा देश और देश के शासकों तक पहुंचाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। जो मजदूर सडक़ों पर कुचले जाते हैं या जो बच्चे भूखे मर जाते हैं जैसा कि देश के कई भागों से समाचार आते हैं, उनका अधिक विवरण इसलिए नहीं मिलता क्योंकि वे वोट बैंक नहीं। दूसरे प्रांतों से आकर यह हमारे पुल बनाते हैं, सडक़ें चमकाते हैं, विकास की गति को आगे बढ़ाते हैं, पर उनका विकास तो किसी का दायित्व नहीं। अब फिर सर्दी का मौसम प्रारंभ हो गया है। पहाड़ों के ऊपरी भागों में बर्फ पडऩी प्रारंभ हो चुकी है। पिछले दिनों भी भूस्खलन, अधिक वर्षा और बाढ़ के कारण हिमाचल और उत्तराखंड में बहुत विनाश हुआ, पर ज्यादा पीड़ा उनको सहनी पड़ती है जो बेघर और बेआसरे हैं।

कुछ अलग

## उनका ऐलान-ए-संन्यास

**लंच** टाइम में साहब के सिर पर हाथ रख साहब को साक्षी मानकर रिश्वत से संन्यास लेने का अचानक ऐलान किया तो उनका रिश्वत से संन्यास लेने पर औरों को तो छोड़िए उन्हें भी विश्वास नहीं हुआ। लगा, ज्यों पूरे ऑफिस में भूचाल आ गया हो। ऑफिस की दीवारों को सांप सूंघ गए हों। पर फिर उन्होंने अपने को जैसे कैसे विश्वास दिलाने के बाद अपने ऑफिस के हर एक को विश्वास दिलाया कि उन्होंने रिश्वत से सच्ची मुच्ची का संन्यास ले लिया है। अब इस ऑफिस में उनसे वास्ता रखने वाली जनता उन्हें रिश्वत मुक्त जीवी माने। रिश्वत से संन्यास लेने के तुरंत बाद उन्होंने ऑफिस के दूसरे रिश्वतजीवियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हे मेरे ऑफिस के रिश्वतजीवियो ! मुझे घोर खुशी है कि आज मैं रिश्वत से संन्यास ले रहा हूं। मेरे कल से इस ऑफिस में शुरू होने वाले ईमानदार चरित्र को शुभकामनाएं दीजिए ताकि कल फिर किसी को ऑफिस में काम करवाने आता देख मेरा संन्यास भंग न हो। शील तो मेरा आज तक कदम कदम भंग होता ही रहा। मित्रो ! बहुत कम ऐसे महापुरुष होते हैं जो रिटायरमेंट से पहले रिश्वत से संन्यास लेने का साहस कर पाते हैं। उन्हीं साहसी आत्माओं में से एक मैं हूं। हमाम में नंगे नहाते खाते हुए एकाएक हमाम से बाहर निकलने का ऐसा अदम्य साहस त्यागी जीव ही कर सकते हैं। वर्ना यहां तो कई जीव ऐसे होते हैं जो रिटायरमेंट के बाद भी महीनों जनता को अंधेरे में रख मजे से रिश्वत खाते रहते हैं। मित्रो ! इसे अजीब संयोग ही मानिए कि इसी दिन मैंने अपने सरकारी जीवन में रिश्वत लेना शुरू किया था। शुरू शुरू में ऑफिस के दूसरे रिश्वतजीवियों को देखकर मेरा मन भी रिश्वत लेने को मत पूछो तब कितना आतुर रहता था। जब मैंने पहली बार रिश्वत ली थी तो मत पूछो मैं कितना डरा था। पर धीरे धीरे ज्यों ज्यों मैं रिश्वत लेने में सिद्धहस्त होता रहा, त्यों त्यों मेरा डर पीछे छूटता रहा है और मैं वंदे भारत की गति से आगे बढ़ता रहा। पहले मैंने समाज में अपने को अपने पद से ऊंचा दिखाने के लिए रिश्वत का सहारा लिया, पर बाद में रिश्वत लेना कैसे मेरी आदत में शुमार हो गया, यह मुझे आज तक पता न चला। खैर, पता करने को मेरे पास वक्त भी नहीं था। मित्रो ! रिश्वत से संन्यास लेने के बाद हालांकि मैं अपने को भीतर ही भीतर बहुत शर्मिंदा महसूस कर रहा हूं। मेरी आत्मा मुझे इस अपराध के लिए सरेआम जूते मार रही है। पर मैं चाहता हूं कि अब मैं अपने नए आने वालों के लिए इस मार्ग से हट जाऊं। रिटायरमेंट तक मैं ही जो रिश्वत लेता रहूंगा तो उन बेचारों को कैसे पता चलेगा कि रिश्वत का स्वाद कैसा होता है ? इसलिए मेरा नैतिक कत्तव्य बनता है कि उनके लिए रास्ता दूं ताकि वे भी रिश्वत से समाज में अपने स्तर को अपने पद से ऊंचा उठा सकें। मित्रो ! मानता हूं, नशे की आदत छूट सकती है। झूठ बोलने की आदत छूट सकती है। उल्लू बनने की आदत छूट सकती है, पर रिश्वत लेने की आदत ही एक ऐसी आदत है जो जितनी छोडऩे की कोशिश करो, उतनी बढ़ती ही जाती है। बंधुओ ! यहां सब रिश्वत खाते हैं। यहां सब रिश्वत से अपना चरित्र सजाते हैं। यहां राजा भी रिश्वत खाता है। यहां वजीर भी रिश्वत खाता है। यहां मंत्री भी रिश्वत खाता है। यहां बजंतरी भी रिश्वत खाता है। मित्रो ! माफ करना। मुझे नहीं मालूम कि अपने जीवन में मैंने कितनों से रिश्वत ली। कितनों ने मुझे रिश्वत दी। पर मुझे खुशी इस बात की है कि मैंने रिश्वत लेने के बाद किसी को निराश नहीं किया। मित्रो ! याद रहे, असली रिश्वतखोर वह नहीं होता जो रिश्वत लेता है। कुशल रिश्वतखोर वह होता है जो रिश्वत लेते हुए कभी पकड़ा नहीं जाता। रिश्वत लेना अगर कला है तो रिश्वत लेते हुए न पकड़े जाना महाकला। रिश्वत के लिए पूरी तरह समर्पित होने के कारण ही मैं रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों तो छोड़िए, खाली हाथ भी नहीं पकड़ा गया। मुझ पर विश्वास नहीं तो मेरी सर्विस बुक इसकी गवाह है। हर रिश्वतखोर को रिश्वत लेने का काम इतनी ही ईमानदारी से करना चाहिए। अब ज्यादा न कहता हुआ...कल से नए अवतार में देखिएगा अपने परम स्नेही बांकेलाल जी को !'

देश दुनीया से

## जनजातीय हितों का संरक्षण एवं संवद्र्धन

**जनजातीय** गौरव दिवस वनवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया व रांची में वनवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय उद्घाटन भी शामिल हैं। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सामाजिक-आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति एवं धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य जनजातीय समाज की जीवन शैली है। जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य उद्देश्य वनवासी के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान कि भारत की वनवासी विरासत, संस्कृति, परंपराओं को जीवंत रखने के लिए व्यापक जागरूकता की अलख जगाने की आवश्यकता है और स्वतंत्रता संग्राम में वनवासी नायकों द्वारा दिए गए बलिदानों को उचित मान्यता प्रदान की जानी चाहिए। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से 'परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास' के सिद्धांत पर अथक रूप से कार्यरत है। मोदी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार के संरक्षण और प्रोत्साहन को अत्यधिक महत्व दिया है। प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार भविष्य के सुदृढ़ आत्मनिर्भर भारत के लिए 8.6 फीसदी वनवासी समुदाय को प्रोत्साहित और सशक्त बनाना हमारा कत्तव्य और साझा जिम्मेदारी है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया। जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता, देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय परंपरा रही है। जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में वनवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई वनवासी आंदोलन किए। इन वनवासी समुदायों में तामार, संथाल, खासी, भील, मिजो और कोल शामिल हैं। 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' पर कार्यशाला आयोजित कर इसे भव्य रूप से मनाया जाए। जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषणमुक्त समाज का सपना देखा था। मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। शिक्षा विभाग द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला आयोजित कर जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी। देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की शुरुआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआ, अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया, उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार हैं। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है। पारंपरिक अनाज, जिन्हें भूल चुके थे भारतीय, पर आज दुनिया कहती है 'सुपर फूड' बाजार में आज ज्वार, बाजरा और क्विनोवा जैसे अनाजों की मांग बढ़ गई है और ये बेवजह नहीं है। लेकिन जिस अनाज को छोड़ हम आगे बढ़े थे, आज पूरी दुनिया फिर से उसी अनाज की तरफ वापस लौट रही है। धरती आबा बिरसा मुंडा का जन्म खूंटी के उलिहातू में 15 नवंबर 1875 को हुआ। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। पढ़ाई के दौरान ही बिरसा के क्रांतिकारी तेवर का पता चलने लगा। उनकी उपलब्धियों की सूची लंबी है। बहरहाल, देश उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता है।

आप का नजरीया

## चीखते बस रूट

**न्यूनतम** बस किराए पर पुनः प्राइवेट बसों के रूट चीख रहे हैं। निजी बस आपरेटरों ने परिवहन के कल-पुर्जों का कुशलक्षेम पूछने के बाबत यह मांग कर डाली है कि न्यूनतम किराया बीस रुपए किया जाए। हिमाचल की बदलती जीवन शैली और परिवहन की जरूरतों में आ रहे बदलाव को इस बिंदु पर समझना होगा कि स्थानीय यातायात के दबाव को कैसे घटाया जाए। कोविड काल के इम्तिहान ने स्थानीय स्तर पर यातायात को निजी प्रयास से ऐसे जोडा कि लोगों ने सार्वजनिक परिवहन के स्थान पर अपने वाहन खरीद लिए। हिमाचल में पुरानी गाडियों का बाजार सार्वजनिक परिवहन की संभावना और क्षमता को कमजोर ही नहीं कर रहा, बल्कि सडक़ों पर यातायात का दबाव भी बढ़ा रहा है। सार्वजनिक परिवहन को बदलते सामाजिक परिदृश्य में समझने की जरूरत के लिए एक व्यापक परिवहन नीति की जरूरत है। प्रदेश में बसों के मुकाबले निजी वाहन क्यों बढ़ रहे हैं या बस रूटों की पैमाइश में क्यों यह विकल्प सुविधाजनक एवं सार्थक बन रहा है, इसको लेकर बदलाव की जरूरत है। सरकारी बसों की आमदनी को ढोती अंतरराज्यीय बसें अगर एक स्थायी स्तंभ हैं, तो अंतरजिला बसों में सार्वजनिक बनाम प्राइवेट के बीच प्रतिस्पर्धा का आलम बढ़ रहा है। प्रदेश में सडक़ों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए इंटरसिटी व स्थानीय बस सेवाओं को बढ़ाने के अलावा इनके संचालन को दुरुस्त करना होगा। मौजूदा दौर में स्थानीय बस रूटों पर टिकी निजी बसें या तो ओवरलोडिंग से अपनी वित्तीय व्यवस्था को बचा रही हैं या करों के आतंक से बचने के लिए पनाह ढूंढ रही हैं। ओवरलोडिंग की ख्वाहिश के कारण सडक़ों पर बसों की अनयंत्रित गति का समाधान, परिवहन की नीति से निकल सकता है। अगर बसों की टिक्टिंग में राज्य का दखल किसी ऐप के माध्यम से हो, तो एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हो सकती है। स्थानीय स्तर पर निजी और सरकारी वाहनों में कई तरह के गठजोड़ हैं। मसलन महिलाओं की सवारी अगर आधे टिकट पर सरकारी बस को प्राथमिक बनाती है, तो एक बड़ी संभावना से प्राइवेट बसें वंचित हो जाती हैं। इसी तरह अगर निजी बसें नियमित सवारियों को किराए में छूट का लालच तथा छुट्टी के दिन अपने फेरे घटा कर चलें, तो सरकारी बसों में कौन बैठेगा। ऐसे में टिक्टिंग की सारी व्यवस्था एक ऐप के जरिए होनी चाहिए ताकि संपूर्ण परिवहन को एक ढांचे में आर्थिक खुशहाली मिले। इसी परिप्रेक्ष्य में न्यूनतम किराए की मांग को देखना होगा। आज परिवहन केवल बस यात्रा नहीं है, अतः स्थानीय परिवहन को बस यात्रा में सक्षम करने की जरूरत में न्यूनतम किराए की सीमा बढ़ानी होगी। अगर टैक्सी संचालन में जनता की जरूरतों का आकलन किराए से किया जाए, तो बस यात्रा की न्यूनतम दर बीस रुपए भी न्यायोचित हो जाएगी। फर्क सिर्फ इतना है कि उस स्थिति में प्वाइंट टू प्वाइंट यात्रा की टिकट दरें घोषित होने के साथ-साथ समय की सीमा भी तय की जाए।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारों के गौरवपूर्ण इतिहास, सेवा और समर्पण का है दिवस

## द प्रेस क्लब चतरा की ओर से मनाया गया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लक्ष्मणपुर स्थित भेड़ी फॉर्म में द प्रेस क्लब चतरा की ओर से राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विपिन सिंह और संचालन सचिव जितेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नौशाद आलम, दीनबंधु, चंद्रेश शर्मा, प्रवीण कुमार रस्तोगी, नवीन पांडेय, संजय कुमार, अभिमन्यु सिंह, सतेंद्र मित्तल समेत अन्य पत्रकारों ने अपने विचार रखें और कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारों के गौरवपूर्ण इतिहास, सेवा और समर्पण का दिवस है। सभी सांगठनिक मजबूती के साथ प्रेस की आजादी और स्वतंत्रता के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहें। बैठक में प्रेस क्लब की ओर से




अब तक के किए गए कार्यों, भावी कार्यक्रमों व संगठन ने गतिविधियों पर लोगों ने चर्चा की। जल्द ही द प्रेस क्लब के सदस्यों के बीच पहचान पत्र, क्लब का अपना वेबसाइट बनाने एवं अन्य गतिविधियों पर उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखे। आगामी माह में मीडिया कप का आयोजन और पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला मुख्यालय समेत हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, सिमरिया, पत्थलगड़ा, इटखोरी, टंडवा, कान्हा चट्टी व अन्य प्रखंडों से काफी संख्या में पत्रकार भाग लिए। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, अलख सिंह, परमानंद आर्य, संतोष केसरी, जितेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, कुलदीप राम, सोनू भारती, रवि कुमार, मो अरबाज, प्रदीप कुमार वर्मा, राजीव कुमार श्रीवास्तव, रूदेश कुमार नायक, सत्येंद्र प्रसाद, बिहारी कुमार, अभिमन्यु सिंह, गौतम कुमार सिंह, विष्णु प्रसाद, रूपेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह चौहान, दीपक कुमार राज, संतोष प्रसाद केसरी, सुग्रीव दांगी, विकास कुमार, संतन कुमार दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

# दो अलग-अलग बाइक दुर्घटना में एक युवक व एक महिला घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत दो अलग अलग बाइक दुर्घटना में एक युवक व एक महिला घायल हो गया। घायल युवक राजपुर थाना क्षेत्र के लारा लुटु दाग गांव निवासी डेगन भुइंयां का 27 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार है। घटना बीते शुक्रवार की देर रात की है।बताया गया युवक ससुराल सिमरातरी से शराब के नशे में घर जा रहा था। इसी बीच अनियंत्रित हो गिर कर घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना गिद्धौर के नूनीगढ़ा समीप अनियंत्रित हो बाइक दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिसमे बांय गांव निवासी पवन राज की पत्नी सरिता देवी घायल हो गयी। इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल लाया गया। बताया गया कि महिला बांय गांव से चतरा जा रही थी। इसीबीच नूनी गढ़ा समीप अनियंत्रित हो दुर्घनाग्रस्त हो गया। और महिला घायल हो गयी।

## सिमरिया में विक्टम फैसला साबित हो सकता है प्रत्याशी बदलना

**पत्थलगड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा की सिमरिया सुरक्षित सीट में चुनाव हुवे मात्र चार दिन हुवे है। जबकि परिणाम (23नवंबर) को आएगा।इस बीच चुनाव प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच हार जीत को लेकर भविष्यवाणियां एवं तीखी बहस -नोंकझोंक में तब्दील हो गया है। यहां भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास और झामुमो प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा के बीच सीधी टक्कर है। एनडीए और इंडी गठबंधन के समर्थकों में अपने अपने प्रत्याशियों की जीत की दावे को लेकर तरह तरह की हवा हवाई चर्चाएं किए जा रहें हैं। देश में तेजी से बदल रहे राजनीतिक एवं सामाजिक परिवेश को देखते हुए राजनायिक दल अपना अपना कदम रख रहें हैं। इंडी समर्थक दावा कर रहें हैं कि मुस्लिम और यादव वोट उन्हें शतप्रतिशत मिला है। इसके अलावे दलितों का वोट भी थोक मिला है। जबकि एनडीए प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास के समर्थकों का दावा है कि इंडी गठबंधन का प्रत्याशी इस बार हवा में उड़ जाएंगे। इसका सबसे बड़ा कारण दलबदलु रवैए जिम्मेदार है। राष्ट्रीयता से प्रभावी हिंदू वोटो का इस बार जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ है। भाजपा का सर्वकल्याणकारी कार्य और मोदी योगी के राष्ट्रवादी नारे के सामने झारखंड और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन सुनामी में उड़ रहे हैं। 23 नवंबर को वोट गणना होने के बाद झूठे एवं खोखले दावा करने वाले इंडी गठबंधन के बड़े और छुटभईए नेता शुतुरमुर्ग की तरह अपना मुंह रेत में छुपा लेंगे। अब यह खोखले दावे किसके पाले में जाएगी इसका जवाब तब मिलेगा जब 23 नवंबर को पिटारा खुलेगा और एवीएम से जिन्न निकल कर बाहर आएगा।

## लोदमदाग निवासी प्रवासी मजदूर का गुजरात सड़क दुर्घटना में मौत

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सदर पंचायत अंतर्गत गाड़ी लोदमदाग निवासी प्रवासी मजदूर प्रकाश उरांव पिता अवधेश उरांव उम्र करीब 28 वर्ष का गुजरात में प्रवास के दौरान सड़क दुर्घटना से मौत हो गई। ग्रामीण श्रवन उरांव, दिनेश उरांव, भुषन उरांव, प्रदून उरांव, सरिता देवी, संगीता देवी सहित कई लोगों ने बताया कि प्रकाश उरांव अपनी पत्नी बच्चों के साथ बिते 6-7 वर्षो से गुजरात में रहकर वहां के टाइल्स निर्माता सेराडान कंपनी मे टाइल्स पेन्टिंग का काम करता था। वह 08 नवंबर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज के दौरान 03 नवंबर को मृत्यु हो गई। मृत्यु के सुचना के दिन से घर परिवार व आस पड़ोस में शोक का माहौल था। शनिवार को दोपहर प्रकाश उरांव के शव को निजी वाहन से लोदमदाग लाया गया। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड उमड़ पड़ी। घर में परिजनों के चिख पुकार से माहौल शोकाकुल हो गया। शव के अंतिम संस्कार में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।प्रकाश उरांव अपने पिछे पत्नी मनीता देवी( 24) व दो बेटी अंजना कुमारी (4) संजना कुमारी (2) छोड़ गये है।

## जहरीली शराब से मौत, आबकारी विभाग की जांच फेल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मझिआंव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत लोहारपुरवा गांव में जहरीली शराब के सेवन से शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत के बाद आबकारी विभाग हरकत में आया। सब-इंस्पेक्टर निर्मल मरांडी ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा कर जांच-पड़ताल की, लेकिन कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा।एफसीआई गोदाम में काम करने वाले 40 वर्षीय मजदूर शशि बैठा की शुक्रवार को जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि शराब लोहारपुरवा मोड़ के पास नयनतारा कुंवर द्वारा बेची गई थी। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने पहले ही नयनतारा के घर के पास जांच में शराब रखने के डिब्बे और डिस्पोजेबल ग्लास जलाए जाने के सबूत पाए थे।हालांकि, आबकारी विभाग की टीम को घटनास्थल पर कोई साक्ष्य नहीं मिला। सबूतों के मिटाए जाने के बाद विभाग की जांच महज औपचारिकता बनकर रह गई।ग्रामीणों ने इस संबंध में कहा कि अवैध शराब की बिक्री पर प्रशासन की निष्क्रियता के कारण यह घटना हुई। लोहारपुरवा सहित कई अन्य क्षेत्रों–रैसूवा, चंद्री, दुबे तहले, रजवारी टोला, करमडीह, अखौरी तहले, और सोनपुरवा पंचायत में अवैध महुआ से निर्मित देसी शराब खुलेआम बनाई और बेची जा रही है। इसमें जहरीले केमिकल मिलाए जा रहे हैं, जिससे लगातार मौतें हो रही है।अवैध शराब के कारण पिछले 15 दिनों में यह दूसरी मौत है। हर घटना के बाद आबकारी विभाग की सक्रियता दिखती है, लेकिन नतीजा शून्य रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत या गैर-जिम्मेदारी के चलते अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। सब-इंस्पेक्टर निर्मल मरांडी ने बताया कि लोहारपुरवा मोड़ के आसपास चार घरों में शराब की बिक्री की सूचना मिली है। जांच की गई है, और पकड़े जाने पर संबंधितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही उम्मीदवारों की जीत हार को लेकर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 13 नवंबर को मतदान समाप्त होते ही विभिन्न दलों और उम्मीदवारों की जीत-हार को लेकर चर्चा तेज हो गई। मतदाता, विश्लेषक और राजनीतिक कार्यकर्ता हर ओर परिणामों पर बहस करने लगे। खासकर मनिका जैसे प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में, जहां स्थानीय मुद्दे और प्रत्याशियों का जनसंपर्क निर्णायक साबित हो सकते हैं, चर्चा और भी तीव्र है। मतदाता परिणामों को लेकर अपने-अपने अनुमान लगा रहे हैं। कुछ लोग सत्ता में बदलाव की बात कर रहे हैं तो कुछ मौजूदा सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भूमि अधिकार, रोजगार, और विकास कार्यों को लेकर विशेष रूप से चर्चा हो रही है। वहीं, विपक्षी दलों द्वारा चलाए गए आक्रामक अभियानों ने भी वोटरों के बीच एक नया उत्साह पैदा किया है। चुनाव के शुरुआती रुझान और मतदान प्रतिशत ने यह संकेत दिया है कि मुकाबला काफी कड़ा हो सकता है। सोशल मीडिया पर भी हार-जीत को लेकर जमकर बहस हो रही है। जनता की जुबान पर एक ही सवाल है - कौन बनेगा झारखंड का भविष्य? अब सबकी नजरें 23 नवंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं।

# लोक प्रेरणा के संस्थापक दिवगंत फ़िलमन बाखला का मनाया गया पुण्य तिथि

## उनकी फोटो पर फूलमाला अर्पित कर दिया गया श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया चौक स्थित लोक प्रेरणा केंद्र कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर लोक प्रेरणा के संस्थापक दिवंगत फ़िलमन बाखला के फाइल फोटो पर फूल माला अर्पित कर भाव भिन्नी दी गई श्रद्धांजलि। वहीं लोक प्रेरणा केंद्र के कर्मियों ने फूलमाला अर्पित कर उनके मार्ग दर्शन में चलने की शपथ लीं है। बता दें कि दिवंगत फिल्मन बाखला लोक प्रेरणा केंद्र के संस्थापक थे। वे बहुत दिनों से इसके लिए क्षेत्र में एक से बढ़ कर एक महिला सुरक्षा के लिए काम कर रहे थे। अचानक उनका हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी। यह उनकी दूसरी पुण्य तिथि के रूप में मनाई गई



है। उनका पैतृक निवास सिमरिया प्रखंड के हड़ियो गांव के रहने वाले थे। उनकी दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यालय में एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें संस्था के सचिव मौसमी बाखला अध्यक्ष अधीन महतो समेत कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस होती है वे हम लोगों का मार्गदर्शक थे।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला के रंका रामानुजगंज एनएच 343 पर हुरदाग मोड़ के पास शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में एक युवा ठेकेदार की मौत हो गयी। वहीं एक युवक घायल हो गया, जबकि दो युवक बाल-बाल बच गये।मृतक की पहचान वैशाली के रामपुर कुम्हार कोल निवासी शंभू प्रसाद सिंह के पुत्र संजित कुमार सिंह की रूप में हुई है।इसकी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने संजित कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया।वहीं घायल अक्षय कुमार गुप्ता का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार में चार युवक सवार थे। कार संजित कुमार सिंह स्वयं चला रहा था। घायल अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। इससे कार अनियंत्रित होकर हुरदाग मोड़ के पास एक पेड़ में टकरा गयी। इसमें कार चालक सह कार मालिक



संजित कुमार सिंह की मौत घटनास्थल पर हो गयी।घायल युवक अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि संजित कुमार सिंह रायगढ़ (उड़ीसा) में ठेकेदारी करता है। उक्त सभी लोग रायगढ़ से अपना घर कार से लौट रहे थे। इसमें दो युवक बाल-बाल बच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि मृतक के परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दे दी गयी है।

# गिद्धी मोड़ से खौरा नदी घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

## एक सप्ताह में उखड़ने लगा सड़क, ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत गिदिमोड़ से बिरबीर गड़गोमा होते हुए खौरा नदी तक करोड़ की लागत से बनी कालीकारण सड़क एक सप्ताह में उखड़ना शुरू हो गया है जिससे ग्रामीणों मे काफी आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को आवेदन सौंप कर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीण सुरेश गंझु, धीरज कुमार राणा, कुणाल राणा, शांतु राणा, अशोक ठाकुर, राकेश प्रजापति, मुकेश राम, कालेश्वर गंझू , मनीष प्रजापति, सिंटू गंझु, सकेंद्र भुइयाँ, मदन यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने संवेदक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आरईओ विभाग द्वारा



निर्धारित मानकों को ताख पर रखते हुए सड़क का निर्माण किया गया। संवेदक छठ महापर्व और चुनावी का माहौल का फायदा उठाकर विभाग और ग्रामीणों को गुमराह करते हुए घोर अनियमितता के साथ कालीकरण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के एक सप्ताह के अंदर पूरी सड़क भर भरा कर उखड़ने लगी है जिसका वीडियो बनाकर शोशल मीडिया मे खूब भेजना शुरू कर दिया है। लम्बे समय इंतजार के बाद गिदीमोड़ से खौरा नदी तक कालिकरण सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली जिससे ग्रामीणों मे काफी उत्साह था। परन्तु सड़क निर्माण मे घोर अनियमितता के कारण पैदल और वाहन को भी परेशानी हो रही है। जिससे ग्रामीणों मे काफी आक्रोश है। आए दिन साइकिल और मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने की भी सम्भवना बन रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर दोषी संवेदक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। आपको बताते चलें की पूर्व मे भी सड़क निर्माण मे गुणवत्ता को लेकर शिकायत की गई थी। ग्रामीणों ने गुणवत्ता के अनुसार कार्य करवाने की मांग कर रहे हैं।बीडीओ अमित कुमार पासवान से उक्त सम्बन्ध में बात किए जाने पर बताया कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली है जांच कर उपायुक्त को रिपोर्ट दिया जाएगा।

# बिरसा मुंडा जयंती पर वीर शहीद क्रांतिकारी के नाम दीप जलाकर नमन किया

## महान क्रांतिकारी थे भगवान बिरसा मुंडा : कमलेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव ने भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर वीर शहीद के नाम दीप जलाकर नमन किया। श्री उरांव ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा धार्मिक गुरु के रूप में मुंडा जनजातीय समाज में स्थापित हो चुके थे। भगवान बिरसा मुंडा के पास अध्यात्मिक शक्ति और दिव्य शक्ति भी था, बिरसा मुंडा ने एक दिन घोषणा की वह पृथ्वी पिता यानी 'धरती आबा' हैं।और मुंडा एवं जनजातीय समुदाय के लोग उन्हें भगवान की तरह मानने लगे। उन्होंने बताया कि जन्म 15 नवंबर, 1875 को झारखंड के उलीहातु गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम सुगना मुंडा और माता का नाम करमी मुंडा था। बिरसा मुंडा ने साल्गा गांव में शुरुआती पढ़ाई की और फिर चाईबासा के गोस्नर इवेंजेलिकल लुथरन चर्च स्कूल में पढ़ाई की और वहाँ पर बिरसा मुंडा को जबरन ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था लेकिन वे बोले कि हम मरना पसंद करेंगे लेकिन ईसाई धर्म अपनाना पसंद नहीं करेंगे। बिरसा मुंडा ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ विद्रोह का बिगुल तब बजाया था जब वे 25 साल के भी नहीं हुए थे, बिरसा मुंडा ने अंग्रेज़ों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण, और जनजातियों के पारंपरिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के ख़िलाफ़ संघर्ष किया।बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, ज़मीन जैसे संसाधनों की रक्षा, नारी की रक्षा और सुरक्षा, और अपने समाज की संस्कृति की मर्यादा बनाए रखने के लिए उलगुलान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की बैठक संपन्न, महाकुंभ में सेवा की व्यापक योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें प्रदेश मंत्री दिलीप वैद्य,राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष मुरारी मिश्रा और संगठन मंत्री कन्हैया लाल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनयकांत नंदलाल प्रसाद और अवकाश प्राप्त शिक्षक जानकी सिंह ने की।बैठक में 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए व्यापक सेवा योजना की घोषणा की गई। मकर संक्रांति (14 जनवरी) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी) तक चलने वाले इस महाकुंभ में 15 केंद्रों के माध्यम से सेवा कार्य संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर भोजन, चिकित्सा,कंबल वितरण और हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं



उपलब्ध कराई जाएंगी। महाकुंभ के दौरान 24-25 जनवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से एक करोड़ श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने सभी हिंदुओं से संगम में स्नान कर शक्ति संचय करने का आह्वान किया। बैठक में योगेश्वर सिंह, कमलेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, नंदलाल दास और पुरन साव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने महाकुंभ को सफल बनाने हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### अवैध खनिज की ढुलाई पर जिला प्रशासन की बड़ी कारवाई

# बोल्डर लदा 3 हाईवा तथा गिट्टी लदा हाईवा को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार शुक्रवार रात्री 10.00 बजे अनुमण्डल दण्डाधिकारी सदर,अंचल अधिकारी, कटकमदाग,अंचल अधिकारी, बड़कागाँव के गठित टीम के द्वारा संयुक्त छापामारी की गई । इस दौरान अवैद्य बालू लदे 4 हाईवा जो रात्री 10.30 बजे स्थान कुण्डीलबागी, थाना-कटकमदाग को हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जाते हुए जप्त किया गया एवं 03 बोल्डर लदे हाईवा तथा 01 गिट्टी लदे हाईवा को स्थान-ओदरना थाना-कटकमदाग जो हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जा रहा था, को जप्त किया गया। मौके पर जब उक्त जप्त वाहनो के चालको से आवश्यक कानूनी दस्तावेज परिवहन चालान आदि की माँग की जाने पर उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसकी तत्काल सूचना थाना प्रभारी कटकमदाग को मोबाईल के माध्यम से दी गई एवं घटना स्थल पर



बुलाकर वाहनो को जप्त कर थाना भेज दिया गया। वाहन में लदे खनिज से संबंधित ई-परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं करने से स्पष्ट है कि उक्त वाहन के द्वारा अवैद्य रूप से खनिज का परिवहन किया जा रहा था,जो झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशाधित) के नियम-4 एवं 54 MMDR Act, 1957 के नियम-ब तथा झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम) नियम, 2017 के नियम 9 एवं 13 का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है तथा यह सरकारी सम्पति एवं राजस्व के चोरी का भी मामला बनता है। उक्त सभी वाहनों पर निहित प्रावधानों के तहत कारवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने प्रेस प्रतिनिधियों को दिया शुभकामना

### - प्रेस पक्षपात से मुक्त रहे और जनता को सूचित करने और शिक्षित करने के अपने कर्तव्य का पालन करे : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मीडिया के साथियों 16 नवंबर यानी राष्ट्रीय प्रेस दिवस की आप सबों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी प्रेस/ मीडिया के प्रतिनिधियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि प्रेस/मीडिया की समाज के प्रति जिम्मेवार भूमिका लंबे समय से रही हैं,आज के परिपेक्ष्य में बात की जाए तो यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो चुका है। समाज के सहज प्रहरी के रूप में मीडिया अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए यही उम्मीद है। प्रेस पक्षपात से मुक्त रहे और जनता को सूचित करने और शिक्षित करने के अपने कर्तव्य का पालन करे। वर्षों से, मीडिया लाखों लोगों के हितों की रक्षा करने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। इसके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए, हमारे समाज में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की आवश्यक भूमिका का सम्मान करते हुए हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है।

## प्रेस दिवस के अवसर टाटीझरिया प्रमुख ने किया पत्रकारों को सम्मानित



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शनिवार को टाटीझरिया के स्थानीय संवाददताओं को सम्मानित किया गया. प्रमुख संतोष मंडल, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने पत्रकारों को सम्मानित किया. प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का सशक्त प्रहरी है. न्यायपालिका विधायिका व कार्यपालिका के बाद मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है उन्होंने सम्मानित के दौरान कहा कि आज हम लोगों ने पत्रकारों को सम्मानित किया है ताकि टाटीझरिया प्रखंड सह आंचलिक क्षेत्र के पत्रकारों का भी मनोबल बढ़ा रहे और वे लगातार इसी तरह जनता की समस्याओं को उजागर करते रहें. वही कैलाशपति सिंह ने कहा कि हमारे देश के चौथे स्तंभ पत्रकार हमारे क्षेत्र के सभी ज्वलंत मुद्दों को उठाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं. साथ ही समाज में व्याप्त कमियों तथा समस्याओं को इनके द्वारा उजागर किया जाता है जिससे जनप्रतिनिधियों को उस क्षेत्र की कमी का अभिलंब पता चल जाता है और वे उसे पूरा करने में लग जाते हैं. समारोह में टाटीझरिया प्रेस क्लब के संरक्षक मिथिलेश पाठक, अध्यक्ष राजु यादव, सचिव सोनु पांडेय, महेश अग्रवाल, रामविलास शर्मा, ज्योतिष पंडा, संदीप पांडेय को सम्मानित किया. इस दौरान राजेश यादव, अनिल प्रसाद, आदि शामिल थे.

## राज कुमार यादव के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष तथा शहर के जाने माने व्यवसायी राज कुमार यादव उर्फ राजू बाबू के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया । आयोजित शोक सभा में कांग्रेसियों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजू बाबू कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे । इनके निधन से कांग्रेस ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है साथ ही साथ इनके निधन से कांग्रेस की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति तत्काल संभव नही । शोक सभा के अंत मे दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठिन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य तथा सहनशक्ति प्रदान हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । शोकसभा में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, गोविंद राम, कृष्ण कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, प्रदीप कुमार मंडल, विजय कुमार सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, अनिल भुईया, बाबु खान, मुस्ताक अंसारी, महेश प्रसाद साव, आबिद अंसारी, अजय गुप्ता, साजिद हुसैन, सुनिल सिंह राठौर, जावेद इकबाल, पंचम पासवान, सुनिल अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार सिंह, गुड्डु सिंह, अर्जुन सिंह, अरशद खान, अफताब आलम, कौशल कुमार सिंह, अमर सिंह यादव, अर्जुन नायक, इत्तेफाक हुसैन, मिथिलेश दुबे, बाबर अंसारी, अधिवक्ता इजहार हुसैन, मुकेश पासवान आदि उपस्थित थे।

## विकास सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस, बेहतर प्रदर्शन करने वाले सदस्य हुये सम्मानित



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टंडवा रोड स्थित कुशवाहा मोहल्ला में संचालित बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति विकास सेवा समिति लिमिटेड ने 18वीं वर्षगांठ मनाई। इसकी अध्यक्षता विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार व संचालन सिकंदर सोनी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धि नाथ महतो, मुखिया रंजीत कुमार शशि मेहता व उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों के हाथों दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विगत 1 वर्ष में बेहतर करने वाले समिति के टॉप 20 सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उमेश प्रसाद, लखन महतो, सिकंदर कुमार सोनी, सुरेंद्र कुमार, दशरथ कुमार, कालेश्वर कुमार, शंभू ठाकुर, विष्णु दयाल, विदेशी दांगी, ज्ञानी कुमार, शशि मेहता, जोगेंद्र कुमार, बालमुकुंद प्रसाद, परमेश्वर कुमार, शंभू प्रसाद, अभिनव कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमन देवी, अमलेश कुमार, राजू कुमार, गुड़िया देवी शामिल है। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते दशरथ कुमार ने कहा कि ईमानदारी से काम करने वाला संस्थान हमेशा आगे बढ़ता है। उसी का परिणाम है कि विगत 18 वर्षों से विकास सेवा समिति ग्रामीणों के बीच में विश्वास के साथ बेहतर कार्य कर रही है। बुद्धिनाथ महतो ने कहा कि सदस्यों के प्रयास से ही समिति आगे बढ़ा है, हमें और बेहतर करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाना है। प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि शुरुआती दौर में मात्र 41 सदस्यों से समिति गठन किया गया था। आज 101 सदस्य है, अपना बेहतर योगदान देकर समिति को आगे ले जा रहे हैं वे बधाई के पात्र हैं। मौके पर शशि मेहता, विष्णु रजक, प्रवीण कुमार, लालमणि महतो, अश्विनी कुमार, विकास कुमार, विष्णु दयाल, मुनेश कुमार दांगी, जुगेश्वर महतो, गणेश प्रसाद, धनुषधारी महतो के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में लगे भारी वाहनों ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, अनियंत्रित गति के कारण क्षेत्र के लोग खो रहें हैं अपनो को

**रोहित गोस्वामी @ प्रभात मंत्र**

**केरेडारी :** एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से कोयला लदे भारी वाहनों हाइवा के परिचालन से अब आम जनता त्रस्त हो चुके हैं जिस कारण लोग बड़ी आंदोलन करने का विचार बना रहे हैं। आम राहगीरों के आवागमन के लिए बनी सड़क हाइवा रूपी यमदूतों की वजह से अब अपना स्तीत्व खोने के कगार पर है। चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयला लेकर ये हाइवा एनटीपीसी टंडवा व सिमरिया होते हुए कटकमसांडी व अन्य स्थानों पर कोयले की सप्लाई का काम करते हैं। एक ओर तो कोल कंपनिया क्षेत्र में खनन कार्य कर करोड़ों अरबों रूपये कमा रही है वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीण मुलभुत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहाँ के कोयले से दूसरे राज्य



रौशन हो रहे हैं लेकिन जिस सड़क पर कोयले की ढुलाई हो रही है उक्त सड़क की सुधी माइंस प्रबंधन व कोल ट्रांसपोटरों द्वारा कभी नहीं लिया जा रहा है।चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से पब्लिक सड़क से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के कारण आये दिन लगातर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसमे अब तक कई निर्दोष लोग इन कंपनियों की भेंट चढ़ चुके हैं और अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। यहाँ न तो आम जनता सुरक्षित है और न तो पशु ही सुरक्षित हैं। लोगों का कहना है की जब यहाँ कोल कम्पनियाँ नहीं थी तो स्थानीय लोग सुख चैन का जीवन व्यतीत कर रहे थे लेकिन जब से यहाँ कोयले का उत्पादन और आम जनता के आवागमन के लिए बनी सड़क से कोल वाहनों का परिचालन शुरू हुआ है तब से लोग बद से बदतर जीवन जीने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है की जोरदाग से लबनिया मोड़ और लबनिया मोड़ से तिन मुहान मोड़ जाना अब खतरे से खाली नहीं है पता नहीं हाइवा रूपी यमदूत कब किसे निगल जाएँ कहना मुश्किल है। ग्रामीणों का कहना है की कम्पनी के द्वारा आश्वासन दिया गया था की ट्रांसपोर्टिंग के लिए अलग सड़क बनाया जायेगा लेकिन सिर्फ आश्वासन का लॉलीपॉप ही मिला हकीकत इससे कोसो दूर है। हाइवा चालक मनमाने तरीके से अनियंत्रित होकर गाडी चलाते हैं जिससे खतरा हमेशा बना रहता है! जबकि केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल समय समय पर इन चालकों को मानक गति के अनुसार वाहन चलाने का निर्देश भी देते हैं लेकिन इन चालकों की हिम्मत तो देखिये ये बार बार ये अधिकारीयों के निर्देशों को भी धता बता देते हैं।

## पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, जबरा में सुविधा केंद्र स्थापित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत हजारीबाग क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सेक्टर दंडाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारी, चालक, उपचालक आदि जिनका मतदान द्वितीय चरण के अंतर्गत आता है उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराए जाने हेतु प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, जबरा में सुविधा केंद्र बनाया गया है। चुनाव कार्य मे प्रतिनियुक्त कर्मियों को मतदान कराए जाने के लिए कई पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र, जबरा में 15-11-24 से 18-11-2024 तक सुबह 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक संथाल परगना प्रमंडल के मतदाता, 61- सिल्ली, 62-खिजरी, 23- रामगढ़, 24-मांडू, 28-धनवार, 29-बगोदर, 30-जमुआ, 31-गांडेय, 32-गिरिडीह, 33-डुमरी, 34-गोमिया,35-बेरमो, 36-बोकारो, 37-चंदनकियारी, 38- सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद, 41-झरिया, 42-टुंडी, 43-बागमारा, कुल 38 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता मतदान कर सकते हैं। अब तक कई मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर चुके हैं। चुनाव कार्य मे प्रतिनियुक्त शेष कर्मी 17 और 18 नवंबर 2024 तक सुबह 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, जबरा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में बिरसा मुंडा का मना जंयती सह विज्ञान कला प्रदर्शनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में शनिवार को बिरसा मुंडा जंयती सह, विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के त्रिवेणी साहू, रोहित साहू, सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, विहिप के कोडरमा जिला सह संचालक दयानन्द चौरसिया, पंकज त्यागी जी पीजीटी, रसायन विज्ञान गौरियाकरमा प्लस टू विद्यालय पंकज त्यागी, बरही अनुमंडलीय अस्पताल के मलेरिया विभाग के सुपरवाइजर ईरशाद आलम के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। भगवान बिरसा मुंडा का जयंती पर उनके जीवनी का परिचय आचार्य अनमोल शिवम एवं जूली कुमारी ने करवाया। परिचय के क्रम में इन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी



आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए।भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरती आबा% के नाम से भी जाना जाता है।आगंतुक अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने करवाया। धन्यवाद ज्ञापन साहू समाज मुखिया सुरेश साहू जी ने करवाया। इस मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिनमें कुल 82 मॉडल का प्रदर्शन किया गया। शिशु वर्ग से 12 मॉडल,बाल वर्ग से 39 मॉडल,और किशोर वर्ग 31 मॉडल,भैया बहनों ने बनाकर भाग लिया।प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्या भारती योजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया।जाता है,जो कि भैया बहनों को अपने मानस पटल पर उभरते भावों को धरातल पर उतारने का अवसर प्रदान करती है।उपरोक्त कार्यक्रम मनीष कुमार सिन्हा के उचित मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। मॉडल का अवलोकन दयानन्द चौरसिया,पंकज त्यागी,ईरशाद आलम ने किया। जिसमें शिशु वर्ग से प्रथम नीरज पंडित,द्वितीय आराध्या कुमारी, तृतीय आरोही जायसवाल, व बाल वर्ग से प्रथम आद्या प्रियदर्शी, द्वितीय प्रिंस, राज,तृतीय सौरभ निषाद और किशोर वर्ग से प्रथम शिवम केशरी, द्वितीय कृष पंडित, तृतीय वर्षा राज ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी आचार्य व दीदी उपस्थित थे ।

## हजरत दाता मदारा शाह का 367वां सालाना उर्स मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हर साल की तरह इस साल भी हजरत दाता मदारा शाह (तकिया मजार) का 367वां सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस साल का उर्स कई विशेष आयोजनों के साथ 16 नवंबर से शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालु और भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर निगम के सफ़ाई कर्मचारी द्वारा आज तकिया मजार शरीफ़ में चादर पोशी की गई। सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पूरा दरगाह परिसर सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। इस उपाय का उद्देश्य आयोजन के दौरान किसी भी असामाजिक तत्व को अनुचित गतिविधियों में शामिल होने से रोकना है। प्रबंध समिति द्वारा छोटे-छोटे स्टॉलों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। कव्वाली कार्यक्रम के बाद मज़ार शरीफ के पुनर्निर्माण की योजना है। इस साल का उर्स निश्चित रूप से एक सामाजिक और धार्मिक आयोजन के रूप में अद्वितीय होने का अनुभव कराएगा, जो सभी लोगों के बीच समृद्धि और सामंजस्य का संदेश देगा। 16 नवंबर का कार्यक्रम सुबह कुल शरीफ के साथ शुरू हुआ, जिसमें हजरत दाता मदारा शाह की याद में सामूहिक दुआ की गई। इसके बाद कुरान ख्वानी एवं मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ, जिसमें कुरान की तिलावत और पैगंबर मुहम्मद साहब की शान में नात पढ़ी गई। शाम को नमान ईशा के बाद नातिया मुशायरा और उलमाओं की तकरीर का आयोजन हुआ, जिसमें विद्वान उलमा अपने विचार और संदेश दिए।17 और 18 नवंबर को रात 9 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम जारी रहेगा। इस दौरान प्रसिद्ध कव्वाल खान भारती कानपुर और महताब भारती नागपुर अपनी कव्वालियों से माहौल को सूफियाना बना देंगे। ये कव्वालियाँ भक्तों के दिलों को छू जाएंगी और उन्हें



आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देंगी। उर्स के दौरान 17 नवंबर को मजार परिसर में सुबह 10 बजे से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर का आयोजन मैनेजिंग कमेटी के सेक्रेटरी कमाल कुरैशी के द्वारा लगाया जा रहा है। इस शिविर में श्रद्धालु रक्तदान कर सकते हैं, जिससे जरूरतमंदों की मदद की जा सके। यह आयोजन मानवता और सेवा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण पेश करेगा। तकिया मजार के मैनेजिंग कमिटी में कई प्रमुख लोग शामिल हैं जो इस उर्स को सफल बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे। समिति के सदस्यों में शामिल हैं- सदर- परवेज़ आलम, सचिव- मकसूद खान, ट्रेजरर- ग़ालिब अहमद, नायब सदर- दिलदार हुसैन, नायब सचिव- गुड्डू कुरैशी, कमाल कुरैशी, नायब ट्रेजरर- तसलीम अहमद, सरपरस्त- तैय्यब अंसारी, संजर मल्लिक, बब्लू अंसारी, माजिद अंसारी। इसके अलावा, मैनेजिंग कमिटी में 15 अन्य सदस्य भी शामिल हैं जो इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तत्पर हैं। यह उर्स न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज सेवा और मानवता की मिसाल भी है। इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं।

## बरही हाउस में कांग्रेस की विधानसभा बूथ स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को बरही हाउस में कांग्रेस पार्टी का बरही विधानसभा स्तरीय बूथ कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू की मां साबी देवी, भाई मेघनाथ साहू भी उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के प्रति हुए मतदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और समीक्षा की। पूरे समीक्षा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि आप लोगों का मेहनत जरूर रंग लाएगा। कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लड़े और काफी मेहनत किया।जिसका



परिणाम 23 को देखने को जरूर मिलेगा। मौके पर ओबीसी कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष दीपक गुप्ता,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, चौपारण कांग्रेस प्रखंड प्रभारी बैजू गहलोत, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बर्नवाल, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, बीरबल साहू, लालेश साहू, छोटन ठाकुर, बिश्नुधारी महतो, संतोष रजवार, प्रकाश दास, बुधन साहू, प्रकाश विश्वकर्मा, मो. जमीरुद्दीन अंसारी, मो. तैयब अंसारी, मुनेश्वर साहू, बासुदेव साहू, महेंद्र साहू, भोली पासवान, छोटी राम, टिंकू साहू, राजेश गुप्ता, विकाश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बी.एम मेमोरियल स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस खेलकूद प्रतियोगिता में बैलून फोड़, बिस्कुट दौड, मटर दौड़, मेंढक दौड़,बिस्किट दौड़, सुई धागा, चम्मच दौड़, दौड़, रस्सी दौड, कुर्सी खेल, कबड्डी, थ्रो बॉल, बाधा दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने किया। सभी बच्चों ने खेल के मैदान में एक से बढ़कर एक खेल दिखाएं। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मौके पर विद्यालय के शिक्षा चेयरमेन




रंजीत कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के लिए अति आवश्यक है। बच्चे अपना करियर खेलकूद में भी बना सकते हैं। इसके साथ-साथ खेलकूद से शारीरिक विकास होता है। वहीं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने कहा कि हमारे यहां बच्चों को सभी क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह की एक्टिविटी करवाया जाता है ताकि बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके इसके अलावा हमारे विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर मुख्य रूप से उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, महेंद्र विश्वकर्मा, दिलेश्वर दास, आनंद कुमार, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, आशीष यादव,आर्य कुमारी,अंजली मिश्रा,मनीषा कुमारी, ऋषभ अग्रवाल, राजेश कुमार रवि, सुमित कुमार, देवंती देवी, सोनू कुमार, स्नेहा कुमारी, सुभाष प्रसाद, सुमन कुमारी, नेहा कुमारी, गंगा भारती, विकाश ठाकुर सहित दर्जनों शिक्षक व सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# गोला में कल्पना सोरेन का ममता देवी के पक्ष में विशाल जनसभा, उमड़ा जनसैलाब

## भाजपा के पीआइएल गैंग, हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं पर तुरंत कोर्ट में पीआइएल दाखिल कर देता है





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ (गोला) :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि पत्नी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को जिले के गोला प्रखंड स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गोला में महागठबंधन की रामगढ़ विधानसभा की कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी ममता देवी पक्ष में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंची थी।कल्पना सोरेन के आगमन पर उनका झारखंडी रिति रिवाज और आदिवासी परंपरा के तहत ढोल नगाड़ा बजाते हुए,झूमर नृत्य के साथ स्वागत और अभिनन्दन किया गया और? सभा स्थल पहुंचाया गया। कल्पना सोरेन ने ममता देवी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता देवी रामगढ़ की बेटी है, रामगढ़ की बेटी को रामगढ़ की जनता मिलकर विजय बनाने का संकल्प लेकर विजय बनाने का काम करें।और झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनाने में सहयोग करें। आगे कल्पना सोरेन ने कहा हेमंत सोरेन सरकार गरीब, शोषित, दबे कुचलें, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक की सरकार है। हेमंत सोरेन सरकार में बिजली बिल माफी, किसान ऋष्ण माफी हुई सहित झारखंड की माताओं बहनों को मईया सम्मान योजना का लाभ मिल रहा। हेमंत सोरेन सरकार सभी को सम्मान और हक अधिकार दिलाने का काम किया।आगे कल्पना ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार (महागठबंधन सरकार) जनता के लिए कोई भी लाभकारी योजना लाती है तो भाजपा के पीआइएल गैंग तुरंत कोर्ट में पीआइएल दाखिल कर देता है। मईया सम्मान योजना को लेकर दाखिल पीआइएल को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।ये झारखंडी की माताओं बहनों की जीत है। आगे उन्होंने कहा कि महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी को ज्यादा से मतदान करके भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, बिनोद किस्कु, मुन्ना पासवान, अमित महतो, जिला पार्षद रेखा सोरेन, गौरीशंकर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केंद्र तथा बज्रगृह लेकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने इस दौरान उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र दीप्ति प्रियंका कुजूर, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वहीं उन्होंने महाविद्यालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर तैयारियां पूर्ण करने, सभी कार्यों को ससमय से पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# सयाल रेलवे साइडिंग टिपला में नग्न अवस्था में एक व्यक्ति के घुमने से पुरे ग्रामीण है परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के रेलवे साइडिंग टिपला में एक व्यक्ति द्वारा नशा कर नग्न अवस्था में प्रतिदिन सड़कों पर घुमने से पुरे टिपला साइडिंग कालोनी निवासी ग्रामीण परेशान हैं। परेशानी का आलम यह है कि ग्रामीण महिलाए शर्म लिहाज के चलते घरो से बाहर निकलना बंद कर दि है। वहीं इस संदर्भ में बताया जाता है कि रेलवे साइडिंग टिपला के निवासी सह होटल संचालक जितन मांझी पिता स्वर्गीय श्यामलाल मांझी के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर कालोनियों में नग्न अवस्था में ही घुमते फिरते करते हैं। नग्न घुमने पर परेशान कालोनीवासियों ने कई बार रोकने एवं समझाने कि कोशिश कि परंतु नतिजा यह होता है कि व्यक्ति समझाने वाले व्यक्ति से ही झगड़ा किया जाता है। वहीं कालोनी के ग्रामीणो का कहना है कि जितन मांझी के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर कालोनियों में नग्न अवस्था में घुमता है। जब वह शराब नहीं पीता है तो अच्छा खाशा अपना दुकान चलाता है। उसके इस रवैए से पुरे ग्रामीण परेशान हैं। यहां तक कालोनी कि महिलाए लाज शर्म के कारण घरों में कैद रहती है। वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन रामगढ़ से मांग करते हुए कहा कि इस तरह के घिनौनी हरकत पर जिला प्रशासन अंकुश लगाने का काम करें।

# कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर गोला में हुई महाआरती, खीर भोग का हुआ वितरण




○ चित्रांश महापरिवार के स्त्री-पुरूष, बच्चे-बच्चियाँ हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गोला(बक्शी टोला) स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से भव्य आरती का आयोजन किया गया। ये आरती कार्यक्रम गुरु बाबा की देखरेख में की गई। इस आरती कार्यक्रम में चित्रांश महापरिवार गोला के सभी महिला, पुरुष, बच्चे एवं बच्चियों ने अपनी सहभागिता दिखाई। आरती के पश्चात भगवान चित्रगुप्त जी महाराज को खीर भोग अर्पण किया गया। भगवान को भोग अर्पण करने के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया गया। मौके पर सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, सहदेव प्रसाद बक्शी, धीरेन्द्र नारायण बक्शी, लाला चन्द्रमोहन, सुचीत कुमार सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, महेन्द्र प्रसाद बक्शी, रजनीश आनंद,अभय कुमार सिन्हा, मनीन्द्र कुमार सिन्हा, अमित कुमार, संदीप बक्शी, अभिषेक कुमार सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा, संजीव सिन्हा ÷राजु÷, जीवन बक्शी, प्रवीण बक्शी, गोल्डेन बक्शी सहित समाज की कई महिला, पुरुष, बच्चे, बच्चियाँ उपस्थित थे।

# दुलमी प्रखंड के विभिन्न गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने किया जनसंपर्क




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के उकरीद, चामरोम, दुलमी, ईचातू, और प्रियातू गांवों में इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। ममता देवी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर हमेशा प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने हाथ छाप चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील की और भरोसा दिलाया कि अगर उन्हें अवसर दिया गया, तो क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी उम्मीदें व्यक्त कीं। ममता देवी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर केंद्रित रहेगी।

# विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल में दिये जा रहें प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह आयुक्त चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गय। वहीं उन्होंने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मौके पर वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# गोमिया पूर्व विधायक योगेंद्र महतो के पिता हुये पंच तत्व में विलीन




○ आवास पर अंतिम दर्शन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो के पिता रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के मुरुबंदा निवासी वयोबृद्ध विश्वनाथ महतो( 95 वर्ष ) का निधन शुक्रवार रात हो गई थी, डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान रांची स्थित मेडिका अस्पताल में हुआ, मृतक पिछले एक सप्ताह से फेफड़े की बीमारी से पीड़ित थे जिसका इलाज किया जा रहा था इसी क्रम में निधन हुआ निधन के बाद परिजनों ने शव को अपने पैतृक आवास मुरुबंदा लाया गया,परिजनों ने शव को देखते ही फ़फ़ककर रो पड़े, निधन की जानकारी मिलते ही गांव सहित पुरे क्षेत्र में मातम छा गया,मृतक के बड़े पुत्र गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो (झारखण्ड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) व पुत्र वधु गोमिया पूर्व विधायक बबिता महतो झामुमो नेता चित्रगुप्त महतो पुत्र वधुओं सहित नाती -पोता- पोती से भरा पूरा परिवार छोड़ गए!अंतिम दर्शन और दाह संस्कार में सुबह से अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ो लोग शामिल हुए दुःखद घड़ी में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी कई राजनीतिक दल के नेता आवास पहुँचे नम आँखों से श्रद्धांजलि दी लोग शोकाकुल परिजनों से मिलकर दुःख जताया, ढाढस बँधाया!अंतिम दाह संस्कार दामोदर नदी घाट किया गया छोटा पुत्र भरत कपूर ने पिता को मुखाग्नि दिया और फ़फ़क कर रो पड़ा, अंतिम दाह संस्कार में भाजपा, कांग्रेस आजसू झामुमो पार्टी के नेता शामिल हुए जिसमे कांग्रेसी नेता शहजादा अनवर भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी आजसू वरिष्ठ नेता अमृत लाल मुंडा,चंद्रशेखर पटवा,गुणानंद महतो,मुखिया कुलदीप सिंह, तापेश्वर महतो,उमेश महतो,गोबरधन महतो, सहित रामगढ़- गोमिया से आये भारी संख्या में लोग शामिल हुए!

# वोटिंग कंपार्टमेंट में चोरी छुपे फोटो लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर होमगार्ड पर हुई एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर नजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से पूरी तैयारी के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराया जा रहा है। साथ ही चुनाव में चुनाव के दौरान लगे पदाधिकारी को निष्पक्ष रूप से चुनाव को संपन्न कराने में अपना योगदान देने का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव के दौरान आवश्यक सेवाओं में एवं चुनाव के कार्यों में लगे कर्मियों को मतपत्र के द्वारा अपना मत देने की सुविधा दी गई है। इसी क्रम में दिनांक 15.11.2024 को मतदान सुविधा केंद्र पुलिस लाइन रामगढ़ में मतदान के दौरान वोट डालते वक्त वोटिंग कंपार्टमेंट में चोरी छुपे होमगार्ड गंगाधर महतो के द्वारा मतपत्र का फोटो खींचकर फेसबुक पर पोस्ट किया गया।जबकि मतदान के वक्त मतदान कर्मियों द्वारा वोटिंग कंपार्टमेंट में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को अंदर ले जाना माना किये जाने के बावजूद इनके द्वारा किए गए मतदान जैसे संवेदनशील सूचना का प्रेषण मोबाइल द्वारा किया जाना मतदान की गोपनीयता भंग करना दर्शाता है। जिस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता को भंग करने के प्रयास हेतु सीआरपीसी की धारा 171, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 128/129, आईटी एक्ट 2000 की धारा 72 एवं जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील भी किया की मतदान की गोपनीयता भंग नहीं करें अन्यथा उक्त व्यक्ति के ऊपर कानून कारवाई की जाएगी। वही सभी को आगाह किया जाता है कि मतदाताओं /अभिकर्ता प्रतिनिधि के द्वारा मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णत प्रतिबंधित है।

# बहनो के ऊपर गलत निगाह रखने वालों के विरुद्ध होगी उलगुलान - चम्पई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा फतेहपुर में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री ने झामूमो को दिखाया आईना. कहा जो हमारे बहन बेटियो पर गलत नजर रखेंगे,उन्हें बख्शा नही जाएगा। बंगलादेशी घुसपैठियों के गलत कारनामो के विरुद्ध 1855 की इतिहास पुनः दोहराया जाएगा। शनिवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी , पहाड़िया लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक दिनेश मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन में काफी संघर्ष किया गया।





वही झामूमो गठन में संथालपरगना क्षेत्र में साइमन मरांडी व कोल्हान में मैंने पार्टी की नींव रखी। पर आज झामूमो मूल उद्देश्य से भटक गई है। पार्टी में बशरी तत्वों का अधिपत्य हो गया है। आदिवासी हक हित की लड़ाई छोड़कर बंगलादेशी घुसपैठियों को शरण देने में लगे हुए है। आज क्षेत्र से आदिवासियों की संख्या निरन्तर घट रही है। कई ऐसे गांव है , जहां गांव पूरी तरह आदिवासी विहीन हो गया है। वीर शहीद सिदो कान्हू की जन्मस्थली भोगनादिह में बंगलादेशी घुसपैठियों की संख्या देखी जा रही है। आदिवासी बहन बेटियो से जबरन शादी कर जमीन हथिया रहा है। गांव में रामेश्वर मुर्मू की हत्या कर दी गई , पर हेमन्त सोरेन सरकार ने कोई कार्रवाई नही किया। हम वादा करते है कि ऐसे कातिल को पाताल से भी निकालकर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकुड़ में कॉलेज के छात्रों के साथ निर्मम रूप से पिटाई की गई , पर गायबथान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक शब्द भी नही बोला। झारखण्ड राज्य को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जनताओं की आकांक्षाओ को देख स्वीकृति दी। इस चुनाव में अपनी अस्मिता बचाये रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू को वोट देकर विजयी बनाये। विधायक दिनेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्थानीय नीति लागू करने में राज्य के आदिवासी मूलवासियों के साथ धोखा किया। क्योकि इनके परिवार बंगाल से आकर झारखण्ड में बसे हुए है। मुझे षड्यन्त्र के तहत टिकट से वंचित किया गया। पार्टी में राज्य के आदिवासी मूलवासियों को छोड़कर बिहार , बंगाल के लोगो को जगह दी गई है। उन्ही लोगो के इशारे पर सरकार चल रही है। जो राज्य को लूटने में लगा हुआ है। आने वाले मतदान में जनता झामूमो को मुंहतोड़ जवाब देगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है। वही पार्टी प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत पांडे , विधानसभा प्रभारी दुर्गा मरांडी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बाबूधन के पास 4 करोड़ की कीमती गाड़ियां, हेमलाल के पास चमचमाती फॉर्च्यूनर, स्टीफन के पास स्कॉर्पियो व क्रेटा, नवनीत के पास 18 लाख की कार









अबुल काशिम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** आगामी 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में पाकुड़ के तीनों विधानसभा सीट के लिए मतदान होना है। प्रत्याशियों के कैंपेन और रोड शो सुर्खियों में है। प्रत्याशियों की चमचमाती कार और उनकी संपत्तियों को लेकर भी लोगों में चर्चा खूब हो रही है। लिट्टीपाड़ा और महेशपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बात करें तो कई प्रत्याशियों के पास लाखों और करोड़ों की चमचमाती गाड़ियां है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें भारतीय जनता पार्टी के बाबूधन मुर्मू और झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमलाल मुर्मू के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इनके पास कार और अन्य संपत्तियों की बात करें तो ये करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। भाजपा के बाबूधन मुर्मू के पास 4 करोड़ 14 लाख 48,656 रुपए की अलग-अलग कीमती कारें हैं। इसका जिक्र उन्होंने नामांकन के दौरान अपने हलफनामे में किया है। वहीं हलफनामे में बाबूधन मुर्मू ने 3 लाख कैश और अलग-अलग बैंक खाते में 54000, 2 लाख, 5 लाख 59,388 रुपए होने का भी जिक्र किया है। इसके अलावा बाबूधन मुर्मू के पास 10 लाख के 10 भर सोने का जेवरात तथा 7 लाख की अन्य संपत्तियां मौजूद है। एक बीघा 16 कट्ठा 8 धूर कृषि भूमि है। जिसकी वर्तमान कीमत करीब 2 लाख रुपए हैं। उनके पास दो बीघा दो कट्ठा 18 धूर गैर कृषि जमीन भी है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 8 लाख 10,000 रुपए हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के पास 31 लाख 87,000 का एक चमचमाती फॉर्च्यूनर कार है। नगद 5 लाख 10,800 तथा अलग-अलग बैंक खाते में 16847, 15 लाख 44950, 1 लाख 46,810 तथा 5783 रुपए हैं। उनके पास 6 लाख 10,000 रुपए के 250 ग्राम सोने का जेवरात भी है। कृषि भूमि एक बीघा 18 कट्ठा तथा गोड्डा में 12,965 स्क्वायर फीट वाणिज्यिक भवन, हरमू रांची में तीन कट्ठा आवासीय भवन की जमीन है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपए बताया गया हैं। इधर महेशपुर विधानसभा की बात करें तो 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और भारतीय जनता पार्टी के नवनीत एंथोनी हेंब्रम तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टीफन मरांडी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इन दोनों प्रत्याशियों में से स्टीफन मरांडी के पास दो चमचमाती कीमती कार मौजूद है। इनमें 12 लाख का स्कॉर्पियो और 12 लाख 93,000 का क्रेटा कार भी है। वहीं स्टीफन मरांडी ने अपने हलफनामे में 1 लाख 85,335 रुपए कैश तथा अलग-अलग बैंक खातों में 4039, 1016, 53 लाख 4592, 8 लाख 80801, एक करोड़ 12 लाख 62902 तथा 1 लाख 31,356 रुपए दिखाया है। वहीं स्टीफन मरांडी के पास 30 ग्राम सोना मौजूद है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 22000 रुपए है। कृषि भूमि की बात करें तो 3.22 एकड़ जमीन है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 25 लख रुपए हैं। भाजपा के नवनीत एंथोनी हेंब्रम के पास 18 लाख की एक कार है। कैश 45,000 तथा बैंक खाते में 3 लाख 2707 रुपए मौजूद हैं। उनके पास कोई कृषि भूमि नहीं है। वहीं 8712 स्क्वायर फीट का एक गैर कृषि जमीन है। जिसका क्रय मूल्य 18 लाख 80 हजार है और वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 19 लाख 60,000 रुपए हैं। नवनीत एंथोनी हेंब्रम के पास कोई अपार्टमेंट या वाणिज्यिक भवन नहीं है।

# उपायुक्त ने किया जिला कोषागार में बने पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को जिला कोषागार में पोस्टल बैलट के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पोस्टल बैलट को सुरक्षित रखने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष



सिन्हा, पोस्टल बैलट के नोडल पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संजय कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची (जिला निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

### आदेश

विधानसभा आम चुनाव, 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 30855 दिनांक 16.10.2024 के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 C के प्रावधानों के तहत् मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से DRY DAY (शुष्क दिवस) लागू किया जाने का प्रावधान है। दूसरे चरण के तहत् दिनांक 20.11.2024 को 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान होना है।

उक्त के परिपेक्ष्य में 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 18.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजि या सार्वजनिक तौर पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जायेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, राँची

PR 340150 (Ranchi)24-25*D


# समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अकील अख्तर ने चलाया डोर टू डोर जन संपर्क अभियान,विकास के किये वादे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अकिल अख्तर ने शनिवार को शहर में डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया. उन्होंने पैदल यात्रा करते हुए हरिणडांगा बाजार, हाटपड़ाचौक, बिरसा चौक, गवालपाड़ा, मधपाड़ा, तातीपाड़ा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से साईकिल छाप पर वोट मांगा.इस दौरान उन्होंने जनता से अपील की कि आगामी 20 नवंबर को साईकिल छाप चिन्ह पर बटन दबाकर भारी मतों से सपा को विजयी बनाएं.अकिल अख्तर ने अपने चुनावी वादों का जिक्र करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य पाकुड़ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य,शिक्षा, रोजगार,24 घंटे बिजली,कृषि सुधार,और दिल्ली से पाकुड़ तक रेल सुविधा को बेहतर



बनाना है.उन्होंने यह भी वादा किया कि वह शहरी जलापूर्ति योजना के तहत हर घर को नल का पानी पहुंचाने का सपना पूरा करेंगे,और गंगा नदी के पानी का उपयोग इस योजना के तहत किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार बनने पर महिलाओं के लिए खास योजनाएं बनाई जाएंगी,जिनमें विशेषकर तीन महीने के भीतर गृहणियों के बैंक खातों में राशि भेजने की योजना शामिल होगी.अकिल अख्तर के साथ इस जन संपर्क अभियान में सपा नेता सीमा सोनी भगत,पूर्व वार्ड पार्षद सोना दास,श्रुति दास,लक्ष्मी दास,बबलू भगत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं.अकिल अख्तर ने जनता से आग्रह किया कि आगामी चुनाव में सपा को भारी समर्थन दें ताकि पाकुड़ क्षेत्र का विकास और समृद्धि हो सके.

# धमधमिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली ने बिरसा मुंडा की विरासत को किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी के धमधमिया में बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली ने फीता काटकर किया। मौके पर बिरसा मुंडा की विरासत को याद करते हुए मुखिया संतोष महली ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति एवं अपनी भाषा को बचाने के लिए और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए नागपुरी ऑर्केस्ट्रा



के कलाकार महावीर नायक, सतीश कुमार, संगीता एवं अनिता ने अपने नागपुरी मधुर गीतों से सबको खूब झूमाया। इस कार्यक्रम में पंसस सहदेव महली, रमेशर भोगता, उमेश लोहरा, लालमणि भोगता, किसुन मुंडा, सूरज लोहरा, रमेशर मुंडा, नरेश उरांव, लालू मुंडा, विक्की मुंडा, करण खलखो, सुमित महली, बजरंग राम, पप्पु राम, श्रवण उरांव, सिकन्द्र गंझू, अमर साव सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।


## Format C-2

(for Political party to publish in Website, Newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political party : **Independent**
Name of Election : **Jharkhand legislative assembly election 2024**
Name of State/UT : **Jharkhand**

| SL No. | Name of Constituency | Name of Candidate |
|---|---|---|
| 15 | 23, Ramgarh | Pankaj Kumar |

| क्र० सं० | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं० | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा ...) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हाँ या नहीं का उल्लेख करें) | यदि उपर्युक्त मद (ड) के सामने उत्तर हाँ है, तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किए गए थे | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील/पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हाँ या नहीं का उल्लेख करें) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ थाना कांड सं0–109/2014 | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 3 विहार सम्पति विरूपण अधिनियम /427 भा0द0वि0 | आचार संहिता का उल्लंघन | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | रामगढ थाना कांड सं0–110/2014 | श्री आलोक सिंह, न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 188/427 भा0द0वि0/3/4 विहार सम्पति विरूपण अधिनियम | आचार संहिता का उल्लंघन | हाँ | 18.01.2023 | लागू नहीं |
| 3 | रामगढ थाना कांड सं0–103/2018 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/323/504 भा0द0वि0 | मारपीट करना | हाँ | 18.04.2024 | लागू नहीं |
| 4 | रामगढ थाना कांड सं0–152/2019 | श्री शिवेन्दु द्विवेदी न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 353/504 भा0द0वि0 | सरकारी काम में बाधा | हाँ | 01.09.2022 | लागू नहीं |
| 5 | रामगढ थाना कांड सं0–108/2022 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 153ए/295ए/294 भा0द0वि0 | पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना | हाँ | 15.02.2023 | लागू नहीं |
| 6 | रामगढ़ थाना कांड सं0–121/2023 | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 294/323/353/332/504/506 भा0द0वि0 | धार्मिक उन्नमाद फैलाना (आई0टी0 एक्ट) | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | रामगढ थाना कांड सं0–244/2018 | श्री रोहित कुमार न्या0द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/323/385/504 भा0द0वि0 | जबरन वसुली एवं मारपीट करना | हाँ | 06.02.2024 | लागू नहीं |
| 8 | रजरप्पा थाना कांड सं0–52/2018 | श्रीमती प्रतिमा उरांव न्या0द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 147/148/149/323/427/353/341/504/506 भा0द0वि0 | मारपीट एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 9 | रजरप्पा थाना कांड सं0–74/2023 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/504/506/427/34 भा0द0वि0 | मारपीट करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 10 | रजरप्पा थाना कांड सं0–75/2023 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ | 420/467/468/504/506 भा0द0वि0 | ठगी एवं छल करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 11 | धुर्वा थाना कांड सं0–305/23 | ................... | 504/506/387 भा0द0वि | रंगदारी | नहीं | लागू नही | लागू नहीं |
| 12 | बडकागाँव थाना कांड सं0–133/21 | श्री अभिनव कुमार न्या0 द0 प्रथम श्रेणी, हजारीबाग | 147/148/149/307/341/342/337/338/435/333/353/427/269/270/296/511 भा0द0वि0 एवं झारखण्ड राज्य संक्रमित रोग अधिनियम 2/3/4 | सरकारी काम में बाधा एवं झारखण्ड राज्य संक्रमित रोग अधिनियम का उल्लंघन करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

# डीसी सिमडेगा ने की मतगणना कर्मियों संग बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतगणना कर्मियों की रेंडमाइजेशन समाहरणालय सभागार में किया गया। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगी जिसमें 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लगभग 158 कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। जिसका आज प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया किया गया। जिसमें 34 गणना पर्यवेक्षक, 34 गणना सहायक एवं 34 माइक्रो ऑब्जर्वर का चयन किया गया है, जो ईवीएम गणना टेबल पर होंगे। वहीं 14 मतगणना पर्यवेक्षक, 28 गणना सहायक एवं 14 माइक्रो पर्यवेक्षक का चयन किया गया है, जो डाक मतपत्र गणना टेबल पर होंगे। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, 70-सिमडेगा आर0ओ0 -सह- अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनुराग लकड़ा, 71- कोलेबिरा आर0ओ0 -सह- अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कार्मिक कोषांग के कर्मी गण उपस्थित थे।

## जतरा संस्कृति को जीवंत बनाना सबका धर्म है : बिनोद उरांव उर्फ़ गुड्डू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के दुप्पट्ट चौक ब्राह्मणडीहा में बिरसा जयंती के अवसर पर बिरसा नगर में संकल्प सभा, जतरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन। समिति के अध्यक्ष संदीप उरांव, सचिव विकास यादव, उपाध्यक्ष अजित सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष प्रजापति एवं सरंक्षक बिनोद उरांव उर्फ़ गुड्डू ने बताया की मशहूर सिंगर मोनिका मुंडू एवं अन्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना मशहूर गायन कार्यक्रम हुआ तथा जतरा विगत कई दशको से लगाया जा रहा है जिससे ग्रामीण एक दूसरे से भेंट मुलाक़ात कर लेते है बच्चे मनोरंजन कर लेते है यही जतरा मेला का उद्देश्य था और रहेगा इसे जीवंत बनाये रखना हम सबका धर्म है ताकि जतरा संस्कृति बची रहे। इस अवसर पर आजसू केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, रामलखन साहू केंद्रीय सचिव एवं ओम प्रकाश भारती जिला अध्यक्ष आजसू, ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया।

## हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुकी है जिसकी शुरुआत लोहरदगा से हो चुकी है : सुनील अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को लेकर समाजसेवी हिंदू सम्राट भैरव सिंह को जिला बदर करना झारखंड सरकार के लिए गले की हड्डी बनती जा रही है। झारखंड सरकार के इस रवैया से नाराज सनातनी समाज हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुकी है जिसकी शुरुआत लोहरदगा से हो चुकी है। उक्त बातें जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कही उन्होंने कहा कि चुनाव अपराधियों का अड्डा बन चुका है अपराधी बेखौफ अब चुनाव में प्रत्याशी के रूप में खड़े हो रहे हैं क्यों ना वह अपराधी जेल में हो, परंतु चुनाव आयोग और राज्य सरकार को ऐसे अपराधी नहीं दिखते, समाजसेवी जैसे लोगों को जिला बदर करना हेमंत सोरेन की मानसिकता को उजागर करती है भैरव सिंह के साथ ऐसा होना जैसे मानव संपूर्ण सनातन समाज को अपराधियों जैसा छवि पेश किया जा रहा है जिसका खामियाजा झारखंड सरकार को सत्ता गंवा कर भुगतना पड़ेगा।

## लोहरदगा रेलवे लाइन 6 दिनों तक रहेगा ब्लॉक, ट्रैन सेवाएं होगीं प्रभावित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रेल मंडल के अंतर्गत मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक 6 दिनों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस बीच रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी। इसमें विशेष रूप से ट्रेन संख्या 08693/08694 रांची-लोहरदगा- रांची मेमू स्पेशल 25, 29, 30 नवंबर व 1, 2 और 3 दिसंबर को रद्द रहेगी। इसके साथ ही अन्य दूसरी ट्रेनों पर भी असर पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि यात्री इन तारीखों को देखकर ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र के मार्गदर्शन में हिंडालको बगड़ू में होगा ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान में 62 में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत आगामी 18 नवंबर 2024 को हिंडालको द्वारा संचालित बगड़ू हिल बॉक्साइट माइन्स में ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत गुमला, लोहरदगा एवं लातेहार जिले के विभिन्न वर्गों के ग्रुप ए 2 ए, ए 2 बी एवं,4 श्रेणी के बॉक्साइट एवं पत्थर माइंस के माइनिंग मेट, ब्लास्टर, एक्सकैवेटर ऑपरेटर, पेलोडर ऑपरेटर, डंपर ऑपरेटर, ड्रिल ऑपरेटर, मैकेनिक, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन एवं फर्स्ट एड वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। कुल लगभग 100 प्रतिभागी अपने तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन करेंगे। खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में चयनित एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी हिंडालको खान प्रभाग के सेफ्टी हेड अजय कुमार पांडे ने दी।

## लोहरदगा विधानसभा में हार जीत को लेकर बाजार गर्म, पुरुषों से आगे निकली महिलायें

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी दंगल काफी रोचक हो गया है। चौक चौराहा में लोग हार जीत को लेकर अपनी चर्चा करते नजर आ रहे हैं कि इस बार 2024 के चुनाव में पुरुषों से आगे महिला मतदाता निकल गई है। विदित हो की लोहरदगा विधानसभा में कुल मतदाता 2,87,746 है। जिसमें पुरुष मतदाता 1,41,438 एवं महिला मतदाता 1,46,308 है। जिसमें 10 6 100660 पुरुष मतदाताओं ने वोट दिया वहीं 110326 महिलाओं ने मतदान किया यानी कुल 210986 लोगों ने वोट डाला। यानी 71.7 प्रतिशत पुरुष एवं 75.41 परसेंट महिलाओं ने वोट डाला। इस रस लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल 73.32त्न मतदान हुआ जबकि जिला प्रशासन सहित अन्य संगठनों द्वारा लगातार जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया था खास करके शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता अपने घरों से मतदान केंद्र तक जाना गवारा नहीं समझे,जबकि शहरी मतदाता के जागरूक मतदाता कहा जाता रहा है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया और खास करके महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कुल मिलाकर कहा जा सकता है ग्रामीण इलाकों मतदान को लेकर लोगों से ज्यादा उत्साह देखा गया। खासकर के महिलाओं ने मतदाताओं में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लेकर जिले के उपयुक्त डॉक्टर बागमरे प्रसाद कृष्णा,डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के अलावा पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा सहित वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया गया और खासकर के पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता को लेकर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में अभियान चलाया गया था और साथ ही संदेश देने की कोशिश किया गया था कि लोग भई मुक्त माहौल में अपना मतदान का प्रयोग करें जिला प्रशासन अपनी ओर से पूरी सुरक्षा मतदाता को लेकर सतर्क है।

## हमारी मातृभूमि की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है : कलावती देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह मनाया गया। अतिथियों का स्वागत जनजातीय पोशाक एवं नागपुरी नृत्य के साथ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पार्चण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद एवं मुख्य अतिथि बनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष कलावती देवी एवं उनके चोन्हस उरांव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। मुख्य अतिथि कलावती देवी ने भगवान मिश्र मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। अंग्रेज के गुलामी से भारत को आजाद करने के लिए जनजातीय समाज में इन्होंने जोश भरा, साथ ही साथ सामाजिक कुरीतियों और धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। आशीष वचन में अध्यक्ष महोदय शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा अपने 25 वर्ष जीवन काल में असाधारण प्रतिभा होने के कारण ही इन्हें भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाता है। विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा एकल गीत, नागपुरी नृत्य, नागपुरी भाषण, कुडुख भाषण प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्वेता संदेश ने कराया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया बहन आचार्य बंधु भगिनी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय रास जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में शनिवार को कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय रास जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यंग स्टार म्यूजिकल ग्रुप तोरपा द्वारा शुक्रवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नाट्य मंचन की प्रस्तुति से लोगों को ताली बजाने को विवश कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व ठाकुरबाड़ी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पुरोहित राधा मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा व ईश्वरी मोहन शर्मा द्वारा भगवान राधा-कृष की प्रतिमा में विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, पुरोहित राधा मोहन शर्मा,



किशोरी शर्मा व ईश्वरी शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मां दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध पर आधारित नाट्य मंचन व भक्ति गीतों से किया गया। जहां कार्यक्रम का संचालन मंगल विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान यंग म्यूजिकल ग्रुप तोरपा के डांसर पायल सिंह, दीपिका सिंह, गायक उर्मिला महतो, रजनी सिंह, रोशनी कुमारी, जगदीश बड़ाइक, खुशी महतो द्वारा अपनी प्रस्तुति से लोगों रात भर झूमने को विवश कर दिया।

## डीसी ने किया बज्र गृह का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा कालेज, सिमडेगा में बनाए गए ईवीएम बज्र गृह का निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को मतगणना तक बज्र गृह बेहतर व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। तथा विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बज्र गृह का सुरक्षा जायजा लिया।

## सिमडेगा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य के 24 वें स्थापना दिवस पर हुआ समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर भवन में आयोजित समारोह में भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि दीख। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर अनुप केशरी, मुनेश्वर तिर्की, अनिरुद्ध सिंह, राकेश रविकांत प्रधान, कंचन रानी एक्का, शिखा अग्रवाल, घनशायाम सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और योगदान**

भगवान बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी नेता थे जिन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था और उन्होंने अपना जीवन



आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ने में समर्पित किया। उन्हें धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए बलिदान को याद किया और झारखंड राज्य के विकास में उनके योगदान की सराहना की।

## कार्तिक पूर्णिमा में देव दीपावली में महाआरती का होना बहुत शुभ : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के शुभ अवसर पर भव्य महाआरती एवं गंगा आरती का कार्यक्रम बड़ा तालाब शिव मंदिर प्रांगण में किया गया।जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की इस दौरान उन्होंने कहा कि देव दीपावली के दिन दीपक जलाकर देव स्नान करने से जीवन में सुख शांति आती है इसके अलावा इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना भी बहुत शुभ होता है।समाजसेवी डॉक्टर टी साहू ने कहा कि देव दीपावली के दिन भगवान शिव ने त्रिपुर नाम के एक राक्षस का वध किया था जिसके बाद से भगवान शिव को त्रिपुरारी कहा जाता है।अपनी बात को रखते हुए सत्यम कुमार ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा के तट पर विशेष दीपदान का आयोजन होता है। और देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु व्रत और पूजन करते हैं। देव दीपावली पर गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है।मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता, एकल अभियान अध्यक्ष सतीश जायसवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता ब्रज बिहारी प्रसाद, राजेंद्र कुमार वर्मा, अशोक कसकर, विजय चंद्रशेखर, शंभू साहू, अनिल ठाकुर, रामलाल उरांव, दीपक साहू, गोपाल प्रसाद, नीरज गुप्ता, मनीष गुप्ता, दिलीप ठाकुर, प्रियांशु कुमार, यशस्वी ओझा, संजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, निधिकांत प्रसाद, मनोज साहू, हसमुख रंजन, प्रमोद प्रजापति, ममता देवी, सुनीता अग्रवाल, बीना देवी, ममता देवी, बेला देवी, मधु खत्री, पूनम देवी, नेहा देवी, रूबी देवी, मेघा कुमारी इत्यादि राम भक्त एवं माताएं बहने हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## बाल संप्रेषण गृह में सात दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनुभा चौधरी के निर्देश पर बाल संप्रेषण गृह में रह रहे सभी बच्चों को एजुकेशन, कंप्यूटर स्किल के साथ ही उन्हें वोकेशनल, फिजिकल समेत कई प्रकार की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में बाल संप्रेक्षण गृह में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) सिमडेगा एवं जिला प्रशासन, सिमडेगा के सौजन्य से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के अंतर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बाल सुधार गृह/बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को मशरूम, ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी की खेती करने का प्रशिक्षण बच्चों को मुहैया कराया गया। जिसके तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार आज बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे। वहां




उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सात दिवसीय, जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्य का जायज लिया।

**इस दौरान प्रशिक्षण में बेहतर करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा एवं उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने बाल संप्रेषण गृह में रहने वाले बच्चों को मन लगाकर ट्रेनिंग लेते हुए खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किए। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों से कहा कि आप सभी का यहां से निकलने के बाद आपको मुख्य धारा से जुड़ने का प्रयास है कि आप में जो दाग और धब्बा लगा हुआ है इसे विमुक्त होकर जो अपने आप को ऐसा कीजिए कि यह जो प्रशिक्षण दिया गया है उसमें ऐसा कीजिए कि समाज में एक पहचान बनें। और पौधों की सेवा एक बहुत बड़ी सेवा है। प्राकृतिक के साथ जुड़ियेगा, आपके अंदर जितनी भी नकारात्मक सोच और नकारात्मक ऊर्जा वह दूर होगी। आपके जाने अनजाने में जो गलती हो गई है उसे भी दूर हटेगा। उपायुक्त महोदय ने बच्चों से कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय इंस्पेक्टि जज जो है उनका आप लोगों के प्रति क्या कर रहे हैं, कैसे रह रहे हैं, कैसे कर रहे हैं, उसके प्रति बहुत ही संवेदनशील है। उसी के दिशा निर्देशन में आप सभी को जिला प्रशासन की ओर से बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैसे कि आप यहां से लौटे तो समाज की मुख्य धारा से जुड़े। उपायुक्त महोदय ने कहा कि यहां पर जो आपको मशरूम उगाने की ट्रेनिंग, ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी की खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। मशरूम, ड्रैगन फ्रूट स्ट्रॉबेरी की बाजार में बहुत अच्छे कीमत पर बिकती है। आप सभी जब यहां से लौटे तो इन सब की खेती अपने घरों में करें, यह अपने माता-पिता के साथ यहां खेती करके अच्छी कमाई करके अपने जीवन को समाज में बेहतर बना सकते हैं। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, समाज कल्याण पदाधिकारी, आत्मा शासकीय निकाय पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### भाजपा ने कांग्रेस पर वोट जिहाद करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर वोट जिहाद करने का आरोप लगाया है। भाजपा मुख्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ तो महायुति विकास की बात कर रहा है तो वहीं विपक्ष वोट जिहाद कर रहा है। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन पर सवाल उठ रहे हैं जो घुसपैठियों को अपना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि झारखंड में पहले चरण के मतदान के बाद ये तय है कि भाजपा गठबंधन जीतेगा और महाराष्ट्र में भी गठबंधन ही जीतेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारा दिया एक रहोगे तो सेफ रहोगे, लेकिन इसमें महा वसूली आघाड़ी ने आपत्ति जाहिर की। वोटबैंक की राजनीति अब खत्म करनी होगी। भाटिया ने कहा कि मौलाना सज्जाद नोमानी कहते हैं कि महाराष्ट्र का नतीजा देश पर प्रभाव डालेगा और उन्होंने महा विकास आघाड़ी को समर्थन दिया, इसी को वोट जिहाद कहते हैं। झारखण्ड में भी मुस्लिमों से इंडी गठबंधन के लिए वोट करने को कहा गया। ये वोट जिहाद नहीं है तो क्या है? क्या ये चुनाव आयोग के मॉडल का उल्लंघन नहीं है?

### राजधानी में दमघोटू प्रदूषण बरकरार, एक्यूआई 404 दर्ज



**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में चौथे दिन भी प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। शनिवार को राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स 404 दर्ज किया गया है। इसे बेहद गंभीर श्रेणी में माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में सुबह 6 बजे राष्ट्रीय एक्यूआई 404 रहा। इसे गंभीर श्रेणी में माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान के आसपास के इलाकों का एक्यूआई 357 दर्ज किया गया, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई इलाकों में आज वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सुबह 7 बजे आनंद विहार में 436 एक्यूआई दर्ज किया गया। मुंडका में 424, वजीरपुर में 441, जहांगीरपुरी में 445, आर के पुरम में 398, ओखला में 389, बवाना में 438, विवेक विहार में 436, आईजीआई एयरपोर्ट में 395, दिलशाद गार्डन में 408, आईटीओ में 357, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 370, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 413, मंदिर मार्ग में 411, नरेला में 449, अलीपुर में 435, अशोक विहार में 438, आया नगर में 398, बुराड़ी में 428, चांदनी चौक में 372 एक्यू आई दर्ज किया गया। छ्रझ में 383, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 380, द्वारका सेक्टर-8 में 415, दर्ज किया गया।

कल तारण गुर नानक आया

# जित्थे बाबा पैर धरे, पूजा आसान थापन सोवा : अरुणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सिखों के संस्थापक गुरु श्रीगुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर मेदनीनगर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर हाल में विशेष दीवान, अरदास और लंगर का कार्यक्रम आयोजित किया गया।




इस अवसर पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शिरकत करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश ऐसे समय हुआ, जब देश में मुगलों का साम्राज्य कायम हो रहा था। हर तरफ अशान्ति और आक्रांत का भय था। मुगलो की जबरदस्ती धर्म परिवर्तन की नीतियों से धार्मिक स्थान के विध्वंस के चलते हिंदू धर्म और सनातन भय से आक्रांतित था। ऐसे में गुरु नानक देव जी जैसा सच्चा संत प्रकट हुए। जिसने बाबर को जालिम कहा और दूसरे धर्म पर जुल्म ना करने की हिदायत दी। जिसके चलते बाबर ने उन्हें जेल में बंद कर दिया। हिंदू में आडंबर, रूढ़िवादिता, जात-पात और कर्मकांड की बुराई एवं भर्त्सना करते हुए एक ऐसे निर्मल पंत की रचना की जिसे लोग सिख धर्म के नाम से जानते हैं। यह धर्म शुद्ध रुप से सनातन धर्म का अंग है। जो जात-पात, उच्च-नीच, आगडा-पिछड़ा, गरीब-अमीर और छुआछूत को नहीं मानता और हर व्यक्ति में प्रभु का दर्शन करता है। गुरु साहब ने अपने अनेक धार्मिक यात्राओं में लोगों का कल्याण किया। धार्मिक शिक्षा दी और हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी शिक्षा में नाम जपौ, कितृ करो, और वाण्ड छको को प्रमुखता दी। अर्थात एक सच्चे इंसान को प्रभु का नाम जपना चाहिए। ईमानदारी से रोटी अर्जित करनी चाहिए और मिल बटकर खाना चाहिए। इसीलिए उन्होंने लंगर की प्रथा शुरू की। जिसमें सभी वर्ग, धर्म के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह राजा, राजेंद्र सिंह बंटी, कुलदीप सिंह, त्रिलोचन सिंह ,चरणजीत सिंह के अलावा शहर के हर धर्म से अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारत ने सूरीनाम को भेजी 425 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री



**नई दिल्ली:** भारत ने अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए दक्षिणी अमेरिकी देश सूरीनाम को 425 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को एक्स पर बताया कि सूरीनाम के साथ संबंधों को आगे बढ़ते हुए भारत ने अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है। सूरीनाम सरकार को उनके समाज कल्याण कार्यक्रम के लिए खाद्यान्न और अन्य खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। लगभग 425 मीट्रिक टन की पहली खेप आज भारत से सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो के लिए रवाना हुई।

## शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए : रामनाथ



**एजेंसी**

**डेहरी आन सोन :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए ताकि कितनी भी विषम स्थितियां क्यों ना हो हम मजबूती से उसका मुकाबला कर सकते हैं। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में आज मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कोविन्द ने यहां अधिक संख्या में बेटियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने छात्रों का आह्वान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधीपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है।

## देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की भूमिका महत्वपूर्ण: ओम बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लेखा परीक्षा (ऑडिट) का कार्य अपने आप में समावेशी है। किसी विभाग की कार्य कुशलता, दक्षता और कार्योत्पादकता बढ़ाने में यह मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। ऐसे में देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की लेखा परीक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, ÷दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। यह हमारी लेखा प्रणाली की प्रामाणिकता दर्शाता है।÷ बिरला ने कहा कि सीएजी हमारी लोकतांत्रिक संरचना का प्रमुख भाग है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि सार्वजनिक धन का उपयोग नागरिकों के कल्याण और राष्ट्र के विकास में कुशलतापूर्वक व प्रभावी ढंग से किया जाए। इसी क्रम




में उन्होंने संसद का जिक्र कर कहा कि भारत के लोकतंत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हमारी यह परम्परा रही है कि संसद की लोक लेखा समिति का चेयरपर्सन प्रतिपक्ष का सदस्य ही नियुक्त किया जाता है। सीएजी ने पिछले कुछ समय में कई सकारात्मक पहल की हैं। आज विश्व की अग्रणी लेखा परीक्षा प्रणालियों में प्रतिष्ठित है। नए प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ वित्तीय अनुशासन की दिशा में हमारी ऑडिट प्रणाली में हो रहे निरंतर बदलाव सुखद हैं।

# तीन देशों की 5 दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पीएम नरेन्द्र मोदी तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान 16 नवंबर से 21 नवंबर तक पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा पर रहेंगे। पीएम मोदी इस दौरान ब्राजील, गुयाना और नाइजीरिया जाएंगे। पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने भी इस बात को लेकर जानकारी दी थी। वहीं ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी के कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात भी कर सकते हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर पीएम मोदी 16-17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह 17 वर्षों में भारत के प्रधानमंत्री की



नाइजीरिया की पहली यात्रा होगी। बयान में कहा गया है,यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भारत और नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पीएम मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर को रियो डी जेनेरियो का दौरा करेंगे। बयान में कहा गया कि भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 ''ट्रोइका'' का हिस्सा है और जी-20 शिखर सम्मेलन की चर्चाओं में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।विदेश मंत्रालय ने कहा, शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर भारत का रुख सामने रखेंगे और पिछले दो वर्षों में भारत द्वारा आयोजित 'जी-20 नयी दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' और 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' के परिणामों पर चर्चा करेंगे। वहीं आखिरी में पीएम मोदी गुयाना के दौरे पर जाएंगे। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर पीएम मोदी 19-21 नवंबर तक गुयाना की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है,गुयाना की यह यात्रा 1968 के बाद भारत के प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी।

## चंद्रबाबू नायडू के भाई राममूर्ति नायडू का निधन

**हैदराबाद :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के भाई और तेलुगू फिल्म अभिनेता नारा रोहित के पिता एन. राममूर्ति नायडू का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। 72 वर्षीय राममूर्ति को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वर्ष 1994 में वह टीडीपी के टिकट पर चंद्रगिरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। राममूर्ति नायडू की पत्नी इंदिरा और बेटे नारा रोहित एवं गिरीश उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा रद्द कर दिया है। चंद्रबाबू के बेटे और राज्य के मंत्री एन. लोकेश भी अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर हैदराबाद पहुंचे। राममूर्ति नायडू का अंतिम संस्कार रविवार को चित्तूर जिले के उनके पैतृक गांव नारावरिपल्ले में होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पूर्व विधायक राममूर्ति नायडू के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : पंजाब से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने शनिवार को महाराष्ट्र पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक आरोपित को पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। गत माह मुंबई में बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी की पहचान फाजिल्का जिले के पक्का चिश्ती के निवासी आकाश गिल के रूप में हुई है। डीजीपी ने अपने एक्स हैंडल (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके जानकारी दी कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का गुर्गा है, जो बाबा सिद्दीकी



की हत्या में शामिल शूटरों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपित को आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि एआईजी एजीटीएफ संदीप गोयल की निगरानी में पुलिस टीमें, बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस के साथ निकट समन्वय से काम कर रही थीं। जांच के दौरान इस केस में आरोपित आकाश गिल की भूमिका सामने आई। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए, डीएसपी राजन परमिंदर सिंह के नेतृत्व में एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने मुंबई क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया और आरोपित को फाजिल्का के सुलेमानकी रोड से गिरफ्तार कर लिया। कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ ने समोर बाग में उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य मेवाड़ के पूर्व महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहे जनजाति समाज : उप राष्ट्रपति




**एजेंसी**

**उदयपुर :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनजाति समुदाय को भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक ताकत बताते हुए कहा कि इनकी जीवनशैली, परंपराएं और मूल्य देश को स्थिरता और समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने जनजाति समाज को विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहने और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। उप राष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को उदयपुर जिले के जनजाति बहुल कोटड़ा में वनवासी कल्याण परिषद की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। धनखड़ ने अपने संबोधन में जनजातीय समुदाय की प्रकृति के प्रति आस्था और जल व जंगल के प्रति सम्मान को वैश्विक आदर्श बताया। उन्होंने कहा, दुनिया जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। यदि उन्होंने जनजातीय समाज से धरती और जल की पूजा करना सीखा होता, तो यह संकट नहीं आता। उन्होंने देश में जनजातीय समाज की आस्था को बदलने के कुप्रयासों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमारी सांस्कृतिक धरोहर हमारी नींव है। इसे कमजोर करने की कोशिशें देश की एकता और विकास को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, यह प्रगति जनजाति समाज के योगदान के बिना संभव नहीं है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने जनजातीय महिलाओं द्वारा निर्मित कढ़ाई और हस्तशिल्प प्रदर्शनी कमली की भी सराहना की।

## एनएचआरसी ने झांसी में 10 नवजात बच्चों की मौत पर उप्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 नवजात बच्चों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 15 नवंबर को झांसी जिले में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू) में आग लगने से कम से कम 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। इन मौतों के अलावा कुल 16 बच्चे घायल हुए जबकि 37 को बचा लिया गया। आयोग ने कहा कि कथित तौर पर पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और घटना के समय मरने वाले बच्चे इनक्यूबेटर में थे।

# पर्यावरणविद कौशल ने पौधरोपण कर मनायी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के कोकरो और चैनपुर के फॉरेस्ट बंगला में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर गुरु नानक देव व भगवान बिरसा मुंडा की जंयती मनाई। वही उन्होंने रांची से आये पलामू प्रमंडल के पूर्व आयुक्त जटाशंकर चौधरी के साथ चैनपुर फॉरेस्ट बांग्ला परिसर में पर्यावरण धर्म के तहत थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाकर झारखंड राज्य का स्थापना दिवस मनाया। डॉ कौशल ने इस दिवस को यादगार बनाने के लिए पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त को हिमाचल के कपुर का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया।



उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। डॉ कौशल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातिय उत्थान और देश की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने प्रदूषण रूपी अंग्रेजों का विरोध करते हुए 1897 में खूंटी थाने में हमला बोला था और डोगरा पहाड़ी से अंग्रेजी प्रदूषण से आजादी के बिगुल फूंक था। उनका नारा था अबुआ दिशुम अबुआ राज। छतरपुर के जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने सिखों के गुरु नानक देव जी को नमन करते हुए कहा कि आज देश भर में उनकी जयंती को गुरु पर्व व प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जा रही है। श्री गुरु नानक देव जी सच्चे संत एव समाज में फैली कुरीतियों को सुधारक थे।

उन्होंने संगत पंगत की रीत चलाकर सामाजिक बैमनस्ता को मिटाने का जो प्रयास किया उससे देश की एकता अखंडता और सामाजिक ताने बाने को मजबूती मिली है। मौके पर पंचायत डाली बाजार के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, मोती साव, मनोज प्रसाद यादव, गुलाम गौस, डॉ कृष्ण यादव, शिवनाथ सुरीला , डॉ नारायण प्रसाद यादव करीना अंसारी आदि उपस्थित थे।